CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम :21°C

देहरादून, बुधवार 13 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 25 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्र राजस्व की भरपाई कर दे, तो उमर सरकार शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है: फारूक पेज 2



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष सम्पादकीय



ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ पेज 12

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था।

भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती है। हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती है, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।



- विदेश मंत्रालय ने कहा हमारी जानकारी सच साबित हुई
- चीन के सरकारी मीडिया का दिया हवाला

## ईरानी सैन्य विमानों को अनुमति मामले पर पाकिस्तान का यूटर्न

- पहले खुद माना ईरानी विमान उसके एयरबेस में मौजूद, अब किया इन्कार, अमेरिका ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान उस समय आए थे जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ था और शुरुआती शांति वार्ता चल रही थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई से जुड़े नहीं हैं। मंत्रालय ने दावा किया कि ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्र फिर से देंगे परीक्षा, राजस्थान से हुआ पेपर लीक का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है। सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है।

यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। 3 मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा होने के बाद से ही पेपर लीक की आशंका गहराने लगी थी। राजस्थान में कई छात्रों के पास हाथ से लिखा हुआ एक कथित गेस पेपर मिला, जिसके सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से -शेष पृष्ठ दो पर

- तीन मई को हुई थी नीट यूजी परीक्षा, मामले की जांच अब सीबीआई करेगी



### छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद राहत की बात यह है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। मई 2026 चक्र का पुराना डेटा और परीक्षा केंद्र ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही, छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यह भी घोषणा की है कि छात्रों द्वारा पहले जमा किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा और नई परीक्षा का खर्च एजेंसी अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की केंद्र की आलोचना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।



# हिमंता बिस्वा ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल

- राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**गुवाहाटी।** भाजपा के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है।

श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गणपरिषद से तथा चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कई अन्य केन्द्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। भाजपा और उसके गठबंधन के शासन वालों राज्यों के मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता भी इस मौके पर मौजूद थे।गुवाहाटी के खानपारा स्थित वेटनरी ग्राउंड में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।



### केरल के अगले मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में गहन मंथन

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की चुनावी जीत के बाद, राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर दिल्ली में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और उम्मीद है कि कांग्रेस आलाकमान जल्द ही इस बारे में अंतिम निर्णय ले लेगा। पार्टी के भीतर गुटबाजी और लॉबिंग इस वक्त अपने चरम पर है। कांग्रेस के बड़े नेता इस कोशिश में जुटे हैं कि नेतृत्व को लेकर काफी दिनों से चली आ रही इस कशमकश को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। सियासी हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक विशेष जहाज से दिल्ली पहुंच रहे हैं और शाम को राहुल गांधी के साथ एक बेहद अहम मुलाकात होनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में स्कूलों और धार्मिक स्थलों के करीब स्थित शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### अन्नाद्रमुक के बागी विधायक करेंगे 'विजय' का समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में कभी बेहद ताकतवर पार्टी रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) मंगलवार को एक बार फिर 'संकट' में फंस गई जब पार्टी के बागी विधायकों ने यह ऐलान कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी। ईडी की आपत्ति के बाद जैकलीन फर्नांडिस ने अप्रूवर बनने की मांग वापस ले ली।

### सीबीआई ने चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुलिस ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जिम्मेदारी ले ली। सीबीआई ने एक बयान में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की बात कही है और वह कोलकाता कार्यालय के प्रमुख संयुक्त निदेशक की देखरेख में काम करेगा। जांच की जरूरतों के हिसाब से कोलकाता क्षेत्र के अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त किया जाएगा।

### कूनो के जंगल में चार चीता शावक मृत मिले

**श्योपुर।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। 12 मई की सुबह मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले। शावकों के शव आंशिक रूप से क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं।

# केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

- नाबालिग से सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

**हैदराबाद।** केद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के 25 साल के बेटे साई भागीरथ पर 17 साल की लड़की के सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है।

नाबालिग की मां ने 8 मई को तेलंगाना के हैदराबाद में पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। भागीरथ ने 12 मई को तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत के साथ-साथ अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने बेटी के जरिये उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि भागीरथ अभी फरार है। अपराध साबित होने के बाद गिरफ्तारी होगी।

# मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून एक जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है।



- यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# 24 घंटे में बेमकसद 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले एक सिरफिरे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 में सेना से बर्खास्त किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को डीडीयू-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मंगरू की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 11 मई की रात करीब दो बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक अन्य यात्री की भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना अलीनगर क्षेत्र स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती लछमिना नामक महिला को भी आरोपी ने सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी बिना किसी उकसावे के महिला को गोली मारते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब बताया। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2021 में सेना से सिपाही पद से हटाया गया था। बाद में वह बिहार के आरा जिले में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने पहुंचा था, लेकिन शराब की लत के कारण कुछ ही दिनों में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से विचलित और आक्रोशित रहने लगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नौ मई से विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करते हुए प्रयागराज और चंदौली क्षेत्र में घूमना शुरू किया और पूरी तरह से रैंडम तरीके से निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर तीनों घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

# खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है। अर्थव्यवस्था के इन आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि लोगों के रसोई का बजट मुख्य रूप से बिगड़ा है। खाद्य महंगाई दर मार्च के 3.87 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण इलाकों की खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ी है। महंगाई का असर केवल राशन तक सीमित नहीं है। अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा महंगाई पर्सनल केयर और विविध वस्तुओं की श्रेणी में देखी गई, जिसने 17.66 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, ईंधन से जुड़ी कीमतों में नरमी के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़ी महंगाई दर -0.01 प्रतिशत पर लगभग सपाट रही, जिससे माल ढुलाई और यात्रा लागत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई दर में मामूली वृद्धि हुई है, फिर भी सरकार और आरबीआई के लिए स्थिति नियंत्रण में है। भारत ने 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के पांच वर्षों के लिए अपनी खुदरा महंगाई दर का लक्ष्य 4 प्रतिशत (2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के दायरे में) पर बरकरार रखा है। एक सर्वे में खुदरा महंगाई के 3.8 प्रतिशत तक जाने का अनुमान जताया गया था, ऐसे में मौजूदा 3.48 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानों से काफी बेहतर है।



- अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, बढ़कर 3.48 % पर पहुंची

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### असम में नई सरकार के शपथ समारोह में शामिल हुए योगी

**लखनऊ/ गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को असम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नवनिर्वाचित राजग सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हिमंता बिस्वा सरमा एवं मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जबकि पारंपरिक परिधान में मौजूद महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

# सपा नेता विजय मिश्रा हत्या में दोषी करार, सजा आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 साल पुराने हत्या के बहुचर्चित मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को हत्या और फायरिंग की घटना में दोषसिद्ध माना है। सजा का ऐलान बुधवार को किया जाएगा।

एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए पूर्व विधायक विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम और बलराम को दोषी ठहराया। यह मामला 11 फरवरी 1980 का है, जब प्रयागराज के कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रकाश नारायण पांडेय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र थे और अपने खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में जमानत कराने जिला अदालत पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते संतराम, बलराम, विजय

**1980 में कचहरी परिसर में की थी प्रकाश नारायण की हत्या**

मिश्रा और जीत नारायण ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिग कर दी। घटना में प्रकाश नारायण पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गोलीबारी में पांच अन्य लोग भी घायल हुए थे। मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लंबे समय तक चले इस हाई प्रोफाइल मामले में कई बार सुनवाई प्रभावित हुई। यहां तक कि मुकदमे की पत्रावली भी गायब हो गई थी, जिससे आरोपियों को लाभ मिलने की आशंका जताई गई थी। बाद में मामले की पुन: सुनवाई कराई गई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार वैश्य और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद्र गुप्ता समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। अदालत द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें सजा के ऐलान पर टिकी हैं।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी में फंसे सपा सांसद लोधी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी सांसद अजेंद्र लोधी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी वंदना सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्एंद्र गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली में सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 189(2), 352 तथा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सांसद ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति प्रदर्शन कर सड़क पर अवरोध उत्पन्न करते हुए यातायात और कानून-व्यवस्था को प्रभावित किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महोबा में प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

# देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करें पीएमः केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि इस समय देश की अर्थव्यवस्था कैसी है और एक साल बाद अर्थव्यवस्था कैसी रहने वाली है।

श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव दुनिया भर में है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देशवासियों से सात आह्वान किया है उस प्रकार के कदम किसी देश ने नहीं उठाए। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मध्यम वर्ग से ही कुर्बानी देनी की अपील की है जो बहुत दुखद है। अगर सबसे अधिक कुर्बानी देनी थी, तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए थी, लेकिन उसने कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो भी करने की जरूरत है सब करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सिर्फ मध्यम वर्ग को निशाना न बनाया जाए।

**पेट्रोल डीजल वाले बयान पर बोली 'आप'**

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया। साथ ही कार-पूलिग, वर्चुअल मीटिग्स और वर्क-फ्रॉम-होम को बढ़ावा देने की भी अपील की।

### नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार परीक्षाओं को सफलतापूर्वक कराने में असफल रही है। सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। अब तक चार बार नीट पेपर लीक हो चुका है। इससे साबित होता है कि बड़े स्तर पर कोई मिलीभगत है।

## यूपी में फिर बदला मौसम का मिजाज, आंधी-पानी से राहत

# वेस्ट यूपी में हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली।



**पश्चिम यूपी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं**

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी में 13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतक. बीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई

बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया समेत कई जिलों में तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम **जूही** से बदलकर **हंसिका सोड़ी (HANSIKA SODI)** कर दिया है। अब से उसे हंसिका सोड़ी (HANSIKA SODI) के नाम से जाना जाएगा।
**हरकेश** S/o **रामनाथ**, 77/1, चुक्खुवाला, देहरादून।

# केंद्र आमजन को बचाने को कदम उठाएः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्यों से जन हित में उचित कदम उठाने की अपील की है।

सुश्री मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'संयम' बरतने की अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे साफ है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़े आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस संकट से करोड़ों भारतीयों का जीवन प्रभावित होगा और स्थिति के और बिगड़ने की भी संभावना है। बसपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल की मार के बाद देश की लगभग सौ करोड़ जनता पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में जनता के पास और अधिक संयमित होने या खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है। उन्होंने केंद्र से अपील की कि इस विकट परिस्थिति में गरीब और मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि सरकारों को खुद ही कुछ बेहतर उपाय करने चाहिए ताकि जनता को इस संकट से उबारा जा सके।



**मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव बोलीं बसपा प्रमुख**

### विज्ञापन में एआई कंटेंट की लेबलिग के नए प्रारूप नियम

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने विज्ञापनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार कंटेंट के जिम्मेदार लेबलिग के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। परिषद ने बताया कि ए दिशानिर्देश 10 फरवरी 2026 को संशोधित किए गए सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियमों के अनुरूप हैं। सभी संबंधित हितधारक 13 जून तक इस प्रस्ताव पर अपने सुझाव दे सकेंगे। एएससीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब ब्रांड अपने विज्ञापनों में एआई का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रारूप दिशानिर्देश में जोखिम आधारित दृष्टिकोण की वकालत की गई है। इसमें तकनीक को नियंत्रित करने के बजाय उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव को प्राथमिकता दी गई है।

### सोने की खरीद टालने की अपील से उप्र का सर्राफा बाजार चिंतित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गैर-जरूरी सोने की खरीद एक वर्ष तक टालने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश का सर्राफा कारोबार चिंता में आ गया है। अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश में करीब 35 लाख लोग प्रभावित होंगे। कारोबारियों ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि सरकार एक रोडमैप तैयार करे जिससे प्रभावित होने वाले लोगों को संकट से उबारा जा सके। आदीश कुमार जैन सर्राफ लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी जब बिहार में गमछा लहराते हैं तो सत्ता बदल जाती है, बंगाल में झाल मूढ़ी खाते हैं तो सत्ता इधर से उधर हो जाती है। कहने का मतलब है कि वो देश के राजा हैं। उनकी बात सब मानते हैं। सराफा कारोबारी हमेशा राष्ट्रवादी होता है। वह राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करता है, लेकिन उसके साथ लाखों लोग जो इस कारोबार से जुड़े हैं उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी के कारोबार से लाखों लोगों का परिवार जुड़ा हुआ है। धंधा बंद होने पर वो लोग कहां जाएंगे। उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा और कौन करेगा। अच्छा होगा कि सरकार इन बातों को भी ध्यान में रखकर एक रोडमैप तैयार करे। सर्राफा कारोबारी सरकार का साथ देने के लिए तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नीट यूजी-2026**

मेल खाते बताए गए। इसके बादमामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 10 मई को राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में सीकर के एक कोचिंग संस्थान से जुड़ा एक करियर काउंसलर भी शामिल है। रविवार को एनटीए ने कहा था कि प्रश्न-पत्रों को जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों के जरिए भेजा गया था। उन पर यूनिक और ट्रैसेबल वाटरमार्क मौजूद था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से एआई असिस्टेड सीसीटीवी सिस्टम के जरिये की गई। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया गया और केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। वहीं, राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विशाल बंसल ने कहा था कि जांच फिलहाल उस गेस पेपर पर केंद्रित है, जिसे परीक्षा से पहले छात्रों के बीच बांटे जाने का आरोप है। गेस पेपर में करीब 410 सवाल थे। आरोप है कि इनमें से लगभग 120 सवाल केमिस्ट्री में पूछे गए। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर परीक्षा से काफी पहले छात्रों के बीच बंट रहा था। यह 15 दिन से लेकर एक महीने पहले तक छात्रों तक पहुंच चुका था। हमारी जांच इसी गेस पेपर के आधार पर आगे बढ़ रही है। नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में इस बार देशभर से करीब 23 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 22.79 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद लाखों अभ्यर्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मगंलौर जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : 284 /गजट प्रकाशन/सशों0 उपवि0-ठे0पजीं0/2026-27/ दिनांक :- 11/05/2026

**अधिसूचना**

नगर पालिका परिषद मगंलौर, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 298 (उत्तराखण्ड मे यथा प्रवृत्त) के के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पजींकरण एंव नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 , मे आशिंक सशोंधन किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मगंलौर की बोर्ड बैठक दिनांक 23.4.2026 के विशेष प्रस्ताव सख्यां-02 के कम मे सम्यक विचारोपरान्त उपविधि-2018 के बिन्दु सख्यां 5 (2) व 5 (3) मे निम्नानुसार सशोंधन पारित किया जाता है :-

1. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पजींकरण एंव नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 की सशोंधित उपविधि-2025 कहलायेगी।
2. यह उपविधि नगर पालिका परिषद मगंलौर की प्रादेशिक सीमान्तर्गत प्रवृत्त रहेगी!
3. यह उपविधि तुरन्त लागू होगी!
4. नगर पालिका परिषद मगंलौर ठेकेदारी पजींकरण एंव नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 के नियम 5(2), 5(3) मे निम्नानुसार सशोंधन किया जाता है :-

| क0 स0 | नगर पालिक परिषद मगंलौर ठेकेदारी पजींकरण एवं नियमन उपविधि-2018/सशोंधित उपविधि-2021 का बिन्दु सख्यां | वर्तमान मे लागू नियम | सशोंधित नियम |
|---|---|---|---|
| 01 | 05 (2) | ठेकेदार का पजींकरण विनियम 5(2) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पजींकृत ठेकेदार श्रेणी-बी के अन्तर्गत अकंन 8,00000/रूपये (आठ लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पजीकरण उपविधि-2018 के बिन्दुसख्यां 5(2) मे सशोंधन करते हुए, बी, श्रेणी के अन्तर्गत पजींकृत ठेकेदार को अकंन 10,00000/रूपये (दस लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |
| 02 | 05 (3) | ठेकेदार का पजीकरण विनियम 5(3) के अनुसार कार्य की लागत के आधार पर पजींकृत ठेकेदार श्रेणी-सी के अन्तर्गत अकंन 2,50,000/रूपये (दो लाख पचास रूपये) तक के कार्य करने का अधिकारी होगा। | ठेकेदारी पजीकरण उपविधि-2018 के बिन्दु सख्यां 5(3) मे सशोधन करते हुए ,सी, श्रेणी के अन्तर्गत पजींकृत ठेकेदार को अकंन 5,00000/रूपये (पांच लाख रूपये) तक के कार्य करने का अधिकार होगा। |

(उत्तम सिंह नेगी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मगंलौर

(मोहियुद्दीन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मगंलौर

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम बागेश्वर

पत्रांक : 995 /जी-08/ दिनांक : 08/05/2026

// अल्पकालीन निविदा सूचना//

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से जनपद बागेश्वर में जल जीवन मिशन/जिला योजना/डिपोजिट/खनन न्यास के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा **दिनांक 22-05-2026** के अपरान्ह **3:00 बजे** तक सीलबन्द लिफाफे में बन्द कर आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह **3:30 बजे** इस शाखा में गठित समिति के सम्मुख उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी | विकास क्षेत्र | धरोहर धनराशि | निविदा विक्रय करने की अन्तिम तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | सिमखेत सिरौली पेयजल (खनिज न्यास) पेयजल योजना के अन्तर्गत श्रोत, जलाशय पाईप लाईन एवं अन्य ततसबन्धी कार्य। | "डी" या उच्चतर श्रेणी | बागेश्वर | ₹ 21,000 | 21-05-2026 | 02 माह | ₹ 1500+ GST |
| 2 | मण्डलसेरा पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन शिपिटग एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य। | "डी" या उच्चतर श्रेणी | बागेश्वर | ₹ 33,000 | 21-05-2026 | 45 दिन | ₹ 2000+ GST |
| 3 | कौलाग बिजोरिया मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त पाईप लाईन का पुनर्निमाण सम्बन्धी कार्य। | "डी" या उच्चतर श्रेणी | बागेश्वर | ₹ 36,000 | 21-05-2026 | 45 दिन | ₹ 1500+ GST |
| 4 | तरमोली पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत वाल्ब ऑपरेटर, रखरखाव एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य। | "डी" या उच्चतर श्रेणी | बागेश्वर | ₹ 25,000 | 21-05-2026 | 06 माह | ₹ 1500+ GST |

"प्रकाशन हेतु नहीं"

नियम एवं शर्ते :-

1. लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम तथा निविदा खुलने की तिथि अंकित किया जाय। बिना सील बन्द लिफाफे से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिना धरोहर धनराशि की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा हेतु धरोहर धनराशि जनपद बागेश्वर के डाकघर द्वारा जारी राष्ट्रीय बचत पत्र एवं पंजीकृत बैंक की **एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0** के रुप में जो **अधिशासी अभियन्ता के पदनाम से बंधक करनी होगी।**
3. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. अन्य नियम एवं शर्ते कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र में इंगित विशिष्टियों के अनुरुप होंगी।
5. अंकित तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को बेची/प्राप्त/खोली जायेंगी।
6. निविदा उन्ही ठेकेदारों को निर्गत की जायेंगी जिनका पंजीकरण उत्तराखण्ड पेयजल निगम में होगा। ठेकेदारों का श्रम विभाग में पजीकरण होना अनिवार्य है। उक्त पंजीकरणों की छायाप्रति निविदा प्रपत्रों में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. नविदा के साथ ₹ 100.00 के स्टाम्प पेपर पर ₹ 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर निविदा की वैद्यता के सम्बन्ध में निविदा पर हस्ताक्षर कर लगाना होगा।
8. निविदा पर संलग्न निर्धारित प्रपत्र में **रू0 10.00** के स्टाम्प पेपर पर **(नोटरी सहित)** मण्डल कार्यालय एवं उससे सम्बद्व शाखाओं में **"मेरा कोई भी सगा सम्बन्धी नही है"** का **प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा। पेयजल निगम कार्यालयों में सम्बन्धित रिश्तेदारों का न होने का प्रमाण पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा। बिना शपथ पत्र के निविदा वैद्य नहीं मानी जायेगी एवं जी0एस0टी0 देयता के सम्बन्ध प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य है।
9. अनुवन्ध गठित होने पर पावर ऑफ ऐर्टानी मान्य नहीं होगी।
10. वन भूमि में बिना अनुमति के कार्य करने पर वन अधिनियम 1980 के लिए सम्बन्धित ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।
11. निविदा स्वीकार्य होने की पत्र प्राप्ति के पश्चात् जमानती धनराशि दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में जमा करनी होगी अन्यथा आपकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी, जिसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का होगा।
12. वर्तमान में न्यायालय में लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित ठेकेदारों को निविदा विक्रय नही होगी।

(विपिन कुमार रवि)
अधिशासी अभियन्ता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को असम के नवनियुक्त सीएम हिमंता विस्वा सरमा के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथग्रहण के दौरान भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।




## सीएम धामी ने कामाख्या देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून /गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गुवाहाटी (असम) में स्थित प्रसिद्ध श्री कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने माँ कामाख्या से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड की निरंतर प्रगति, विकास और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# प्रदेश में मोरिंगा की संभावनाओं को तलाशें अधिकारी : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार आधारित कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने, नई फसलों को प्रोत्साहन देने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को प्रदेश में मोरिंगा की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोरिंगा स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी फसल है और इसकी मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में उत्तराखंड के किसानों के लिए यह आय का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। बैठक में मौजूद निजी संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी संस्था असम, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मोरिंगा उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर कार्य कर रही है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



■ कृषि मंत्री जोशी ने की विभागीय समीक्षा, नवाचार आधारित कार्यों को बढ़ावा देने तथा नई फसलों को प्रोत्साहन देने पर दिया जोर

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर देहरादून में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मोरिंगा की खेती एवं प्रसंस्करण पर कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो इसे प्रदेश के अन्य जनपदों में भी विस्तार दिया जाएगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु औषधीय एवं बागवानी फसलों के लिए अनुकूल है। राज्य में ऐसी फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को नई तकनीकों, प्रशिक्षण एवं बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

इस अवसर पर बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, निदेशक कैप नृपेंद्र चौहान, औद्यानिकी बोर्ड सीईओ नरेंद्र यादव, निजी संस्था के पदाधिकारी सौरभ रतूड़ी आदि उपस्थित रहे।

### समय से करें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला कार्यक्रम की सभी तैयारियां

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 11 एवं 12 जून को आयोजित होने वाले सौगंध पौध केंद्र देहरादून द्वारा महाक्रांति नीति में चयनित सिनमन दालचीनी की खेती नर्सरी पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला उत्तराखंड में दालचीनी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में श्रीलंका, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों से दालचीनी विशेषज्ञ एवं वक्ता प्रतिभाग करेंगे, जो अपने देशों की आधुनिक तकनीकों और सफल मॉडल की जानकारी साझा करेंगे। इन बेस्ट प्रैक्टिस को उत्तराखंड में अपनाकर दालचीनी उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### उत्तराखण्ड उद्यानिकी शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026 की तैयारियों को परखा

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 12 एवं 13 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले हॉर्टीकल्चर बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड उद्यानिकी शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा कर कार्यक्रम भव्य एवं प्रभावी रूप से आयोजित किया जाए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# उत्तरकाशी की एएनएम पूजा परमार को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए. जिसमें उत्तरकाशी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव की ऑक्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के पद पर कार्यरत पूजा परमार राणा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।



■ 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' से हुई सम्मानित

दरअसल, पूजा परमार राणा को यह सम्मान बीते 15 सालों से हिमालयी अंचल के संवेदनशील एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर मिला। उन्होंने कोरोनाकाल के दौरान यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र में पहली वैक्सीनेटर के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया। इसके अलावा शत प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से दूरस्थ इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का सक्रिय नेतृत्व भी किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समुदाय के समग्र कल्याण के प्रति सराहनीय काम किए।

पूजा परमार राणा को उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए पहले भी राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एएनएम यानी ऑक्जीलियरी नर्स मिडवाइफ पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

अब उन्हें राष्ट्रपति के हाथों 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। जो न केवल उनके समर्पण एवं कार्यकुशलता को दर्शाता है. बल्कि, यह उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी गौरव का विषय है।

### दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज

**देहरादून।** प्रदेश के कई जनपदों के साथ ही देहरादून में भी मौसम कई दिनों से अलग-अलग रंग बदल रहा है। कभी हल्की बारिश तो कभी धूप निकल रही है। मौसम के बदलते इस मिज़ाज़ से बारिश, पहाड़ों पर बर्फबारी और तेज हवाओं के चलते वातावरण में ठंडक बनी हुई है। दिन भर बादल छाए रहने और हल्की बारिश की वजह से सूर्य की तपिश कम महसूस हो रही है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास भी हो रहा है जो मई महीने के लिहाज से असामान्य माना जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और बदलते जलवायु पैटर्न की वजह से इस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसका प्रभाव केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे 31.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# फार्म 6,7 और 8 का दैनिक रूप से रिव्यू करें ईआरओ : सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने मंगलवार को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दृष्टिगत सचिवालय में सभी जनपदों जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी जनपद अपनी तैयारियों को अन्तिम रुप देते हुए, मैपिंग में तेजी लाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि फार्म 6,7 और 8 का दैनिक रुप से अनिवार्य रिव्यू कर उनका निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर तैयार ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ लिस्ट को राजनैतिक दलों के बीएलए को भी अनिवार्य रुप से साझा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची सभी बूथ लेवल एजेंट्स को उपलब्ध करा दी जाए।



■ एक सप्ताह के भीतर बीएलए को सौंपे ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची ■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली एसआईआर की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक ■ जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए विस्तृत निर्देश

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों के गणना प्रपत्र के प्रिंटिंग, लॉजिस्टिक एवं डिस्ट्रिब्यूशन प्लान की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में सभी जिलाधिकारी सम्बंधित नगर निगम क्षेत्रों के नगर आयुक्तों के साथ बैठक कर एसआईआर के प्लान को और प्रभावी बनाए। इसके साथ ही बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और भी प्रभावी रुप से चलाया जाए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से जुड़े रहे।

# खेल विश्वविद्यालय को मिली वन भूमि डायवर्जन की अंतिम स्वीकृति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय के निर्माण को बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली है। भारत सरकार के वन मंत्रालय द्वारा खेल विश्वविद्यालय के लिए 12.317 हेक्टेयर वन भूमि डायवर्जन को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, नैनीताल जनपद के हल्द्वानी वन प्रभाग अंतर्गत गोलापार क्षेत्र में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परियोजना के लिए वन भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है।

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार खेल अवस्थापना को मजबूत करने और युवाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है।

■ खेल मंत्री रेखा आर्या ने स्वीकृति को उत्तराखंड के खेल भविष्य को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया

खेल मंत्री ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं होगा, बल्कि यह प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, अनुसंधान और उच्च स्तरीय प्रशिक्षक व्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे उत्तराखंड के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को "खेलभूमि" के रूप में स्थापित करना है और यह विश्वविद्यालय इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरी तत्परता और गंभीरता से अग्रसारित किया जिसके चलते यह सफलता मिल पाई।

रेखा आर्या ने केंद्र सरकार एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्वीकृति से परियोजना के निर्माण कार्य को गति मिलेगी और शीघ्र ही प्रदेशवासियों को एक विश्वस्तरीय खेल विश्वविद्यालय की सौगात मिलेगी।

### बदरीनाथ धाम में चलाया गया सुरक्षा अभियान

**चमोली।** बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आज चमोली पुलिस, एटीएस एवं सात असम एटीएस द्वारा संयुक्त सुरक्षा अभियान चलाया गया। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल, त्वरित रिस्पॉन्स और किसी भी संभावित खतरे से निपटने की तैयारी को लेकर पूरे धाम क्षेत्र में गहन निरीक्षण एवं चौकिंग अभियान संचालित किया गया।

संयुक्त टीमों ने बदरीनाथ मंदिर परिसर के इनर एवं आउटर कार्डन क्षेत्रों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर, होटल, पार्किंग स्थल, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा वाहनों की सघन चौकिंग की गई।

# नीट पेपरलीक प्रकरण गंभीर, सीबीआई जांच से शीघ्र दोषियों पर होगी कार्रवाई: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने नीट 26 की परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण को गंभीर मानते हुए इसकी सीबीआई जांच को जरूरी और स्वागत योग्य कदम बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी युवाओं से सरकार पर भरोसा रखने की अपील की है और शीघ्र दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा कि हमें वो नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं , जिनके शासन में हर नियुक्ति पर्चे खर्चे पर होती थी और पेपर लीक पर परीक्षा रद्द का आदेश भी न्यायालय से आता था।

■ परीक्षाओं के बजाय नौकरी बेचने वाले बांट रहे हैं ज्ञान : भट्ट



उन्होंने कहा कि एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में कथित पेपर लीक पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए परीक्षा रद्द कर दी है। साथ ही मामले की व्यापक जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंप दिया है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और छात्र हित में यह निर्णय लिया गया हैं। यह फैसला छात्रों के हित में लिया गया है और जल्द ही एक सप्ताह में दोबारा परीक्षा की कराने की बात कही गई है। पिछली परीक्षाओं में धांधली को देखते हुए, सरकार ने पहले ही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान करने वाले कानून को लागू किया था। लिहाजा इस बार जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे नए कानूनों के अनुसार सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकरण की जांच में सामने आने वाली गड़बड़ियों और त्रुटियों को हमेशा के लिए दूर कर नकल प्रूफ परीक्षा तंत्र सुनिश्चित कराई जाएगी।

# एसडीआरएफ ने टोंस नदी में फंसे युवक का किया सफल रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मोरी क्षेत्र में स्थित टोंस नदी में फंसे एक युवक को एसडीआरएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बाहर निकाल लिया।

सोमवार को एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को ग्राम सल्ला, मोरी निवासी एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि गांव के समीप टोंस नदी में एक युवक जेसीबी मशीन सहित फंस गया है और स्वयं बाहर निकलने में असमर्थ है।

सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट मोरी से मुख्य आरक्षी सत्येंद्र रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर टीम ने तत्परता से रेस्क्यू अभियान चलाया और नदी में फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

■ अमित वर्मा के रूप में हुई पहचान, जिला पुलिस के सुपुर्द किया

रेस्क्यू किए गए युवक की पहचान अमित वर्मा (23 वर्ष) पुत्र जगत राम, निवासी ग्राम कलेथा, चकराता के रूप में हुई। रेस्क्यू के बाद युवक को सकुशल जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

बताया गया कि जेसीबी मशीन अभी नदी में ही खड़ी है। एसडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई और साहसिक रेस्क्यू अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# भटवाड़ी को मिली 32 करोड़ की स्वास्थ्य सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र एवं भटवाड़ी क्षेत्रवासियों के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। वर्षों से लंबित भटवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के लिए 32 करोड़ से अधिक धनराशि की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

पूर्व प्रमुख एवं भाजपा महिला मोर्चा गढ़वाल सहसंयोजक श्रीमती विनीता रावत एवं भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत ने इसे सीमांत क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल अस्पताल की स्वीकृति नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग और संघर्ष का परिणाम है।



■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगा उच्चीकृत

उन्होंने बताया कि अस्पताल के उच्चीकरण हेतु नियमों, मानकों एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं विभागीय अधिकारियों से लगातार संवाद कर क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रमुखता से रखा गया।

भटवाड़ी की भौगोलिक परिस्थितियों, सीमांत क्षेत्र की जरूरतों तथा गंगोत्री धाम आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया। प्रारंभ में कम लागत की स्वीकृति प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर इसे विस्तारित करते हुए 32 करोड़ से अधिक की मंजूरी प्रदान की गई।

पूर्व में अस्पताल के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है तथा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्थल निरीक्षण कर इसे उपयुक्त बताया था।

श्रीमती विनीता रावत ने मुख्यमंत्री, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त करते हुए अस्पताल के लिए डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आवश्यक स्टाफ की शीघ्र पद स्वीकृति की मांग भी की, ताकि क्षेत्रीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

# जल्द मिलेगा खटीमा सीएसडी कैंटीन को यूआरसी कोड: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय सेना के मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर को पत्र भेजकर खटीमा स्थित सीएसडी कैंटन को यूआरसी कोड नम्बर प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने पत्र में उल्लेख किया कि जनपद ऊधम सिंह नगर क्षेत्र में लगभग 9000 से अधिक पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित निवासरत हैं। खटीमा स्थित सीएसडी कैंटीन इस क्षेत्र की प्रमुख कैंटीन है, जिससे खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता एवं शक्तिफार्म क्षेत्र के पूर्व सैनिक और उनके आश्रित लाभान्वित होते हैं। इसके अतिरिक्त असम राइफल्स एवं अन्य सैन्य बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिक भी इस कैंटीन से जुड़े हुए हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि जनपद ऊधमसिंह नगर में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक निवास करते हैं, ऐसे में खटीमा सीएसडी कैंटीन को यूआरसी कोड नम्बर प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जोशी ने सेन्ट्रल कमान्ड से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने भारतीय सेना के मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर को पत्र भेजकर किया आग्रह

# सोनप्रयाग में फिर लगा आस्था का महाजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान मंगलवार को सोनप्रयाग में भारी जाम लगने से हजारों श्रद्धालुओं को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही यात्रा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे बाइक, कारों के साथ-साथ पैदल यात्रियों की आवाजाही भी पूरी तरह प्रभावित हो गई। जाम की स्थिति इतनी गंभीर रही कि कई श्रद्धालु सड़क किनारे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बताया जा रहा है कि बीते दस मई को सोनप्रयाग में भारी भीड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब मंगलवार 12 मई का जाम का यह दूसरा वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। लगातार सामने आ रहे ऐसे वीडियो यात्रा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो के बाद पुलिस और प्रशासन भी सक्रिय हो गया है तथा यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नए नियम और रणनीतियां तैयार की जा रही हैं।



■ घंटों सड़क पर फंसे रहे हजारों श्रद्धालु
■ वायरल वीडियो के बाद हरकत में आया प्रशासन केदारनाथ यात्रा ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत करने की उठी मांग

श्रद्धालुओं का कहना है कि यात्रा सीजन में लगातार बढ़ रही भीड़ और वाहनों के अत्यधिक दबाव के चलते सोनप्रयाग में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैफिक प्रबंधन को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को घंटों सड़क पर फंसकर परेशान न होना पड़े और यात्रा सुगम एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

वहीं व्यापार संघ अध्यक्ष सोनप्रयाग अंकित गैरोला ने कहा कि यात्रा के दौरान भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति बन रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और यात्रा व्यवस्था में जुटी टीमें लगातार भीड़ नियंत्रण और यातायात संचालन में पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए पुलिस की टीमें हर स्तर पर प्रयासरत हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर यात्रा अनुभव मिल सके।

### 21 मई को खुलेंगे मद्महेश्वर मंदिर के कपाट

मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आगामी 21 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी ने यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 17 मई को भगवान मद्महेश्वर की उत्सव मूर्ति ओंकारेश्वर मंदिर के गर्भगृह से बाहर आकर मंदिर स्थित सभामंडप में विराजमान होगी। उन्होंने बताया कि 19 मई को भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली प्रातः ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु राकेश्वरी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद 20 मई को डोली रांसी से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु गौंडार पहुंचेगी। मुख्य कार्याधिकारी के अनुसार 21 मई को भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली ग्राम गौंडार से प्रातः प्रस्थान करेगी तथा कर्क लग्न में श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट विधि-विधान के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

### राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया शैक्षिक सामग्री का वितरण

कोटद्वार। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में मंगलवार को विद्यालय में अध्यनरत लगभग 75 जरूरतमंद बच्चों हेतु कॉपी, किताब, ड्रेस, जूते, टाइ, बेल्ट आदि का वितरण किया गया। यह वितरण लोगों द्वारा प्राप्त सहायता से किया गया। शैक्षिक सामग्री के वितरण प्रभारी संतोष सिंह नेगी ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया में बच्चों की मदद हेतु अपील की गई थी जिस पर उनकी एमएड की सहपाठी जसवीर बजाज, जो कि वर्तमान में दुबई में काम करती हैं ने वहां से आर्थिक मदद पहुंचाई और कक्षा 6 में पढ़ने वाले समस्त 57 बच्चों हेतु कॉपियां और पेन की व्यवस्था की। इसके अलावा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक देवेंद्र सिंह रावत और विनोद पंत द्वारा मिलकर 25 बच्चों हेतु ड्रेस, जूते, टाइ, बेल्ट का इंतजाम किया गया। शैक्षिक सामग्री का वितरण प्रार्थना स्थल पर समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सज्जनों के कारण कई जरूरतमंद बच्चों को पढ़ने और स्कूल आने की प्रेरणा मिलती है । विद्यालय परिवार ऐसे सज्जन दानदाताओं का तहे दिल से आभार व्यक्त करता है ।

# श्रीनगर में पेट्रोल और डीजल की किल्लत से आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी के चलते मंगलवार को लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईंधन की तलाश में वाहन चालक श्रीनगर से लेकर श्रीकोट तक पेट्रोल पंपों के चक्कर काटते रहे, लेकिन अधिकांश पंपों पर तेल की किल्लत बनी रही। श्रीनगर स्थित जीएमओ पेट्रोल पंप और श्रीकोट के दोनों पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का संकट बना रहा, जिससे वाहन चालकों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं भक्तियाना स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ और दबाव बढ़ने के कारण कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने एहतियातन ऑनलाइन भुगतान सेवा भी अस्थायी रूप से बंद कर दी, जिससे उपभोक्ताओं की दिक्कतें और बढ़ गईं। ईंधन संकट के चलते दिनभर शहर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों को जरूरी कार्यों के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ी और कई



■ पेट्रोल और डीजल के लिए भटकते रहे लोग

वाहन चालक बिना तेल के वापस लौटते दिखाई दिए। जीएमओ पेट्रोल पंप के इंचार्ज मंदीप नेगी ने बताया कि सोमवार देर शाम पेट्रोल समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार देर शाम या बुधवार तक पेट्रोल का टैंकर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं तहसीलदार श्रीनगर दीपक भंडारी ने बताया कि मामले से जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) को अवगत करा दिया गया है तथा पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति जल्द बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूरी किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शाखा खिर्सू ने जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है। इस संदर्भ में शिक्षकों ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन भेजकर जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में शिक्षक संघ शाखा खिर्सू के अध्यक्ष चंद्रमोहन बिष्ट और मंत्री संजय नौडियान ने कहा कि शिक्षक लम्बे समय से जूनियर व प्राथमिक शिक्षकों के विसंगति निराकरण, सहायक अध्यापकों को चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देने दिए जाने

■ शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई

सहित मांग करते आ रहें है, लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं कर रही है। पुरानी पेंशन बहाली, जूनियर व प्राथमिक शिक्षकों के विसंगति निराकरण, सहायक अध्यापकों को चयन व प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देने, शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है।

शिक्षकों के लिए चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण में पारदर्शिता, विद्यालयों में आधारभूत संसाधनों की उपलब्धता और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बजट बढ़ाने की मांग की है।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़ा संचालकों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के बीच पैदल मार्ग के जंगलचट्टी क्षेत्र से घोड़ा-खच्चर संचालकों के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग आपस में तीखी बहस और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे यात्रा मार्ग पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना 11 मई की बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दो घोड़ा संचालकों के बीच घोड़ा फिसलने को लेकर कहासुनी हुई थी। मामूली विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों

■ जंगलचट्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



के बीच हाथापाई शुरू हो गई। घटना के दौरान मौजूद यात्रियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो जंगलचट्टी क्षेत्र का है तथा इसमें दिखाई दे रहे लोग घोड़ा-खच्चर संचालक बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से तस्दीक की जा रही है और संबंधित दोनों पक्षों की पहचान कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग पर शांति, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी घोड़ा-खच्चर संचालकों एवं यात्रा से जुड़े लोगों से अपील की गई है कि किसी भी विवाद की स्थिति में संयम बनाए रखें और समस्या होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचित करें।

## एक नजर .......

### 17 साल के छात्र की संदिग्ध मौत पर शिक्षक पर लगे गंभीर आरोप

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार क्षेत्र में 17 साल के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में परिजनों ने एक निजी स्कूल के शिक्षक और उसके कुछ साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों के अनुसार,युवक को शिक्षक द्वारा बुलाया गया था ओर उसे नशे की हालत में छोड़ दिया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शहर में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया एवं तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा इसके बाद सभी लोग थाने पहुंचे और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में तो लिया, लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ा है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि क्षेत्र में नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है और प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और उनको आश्वस्त किया कि मामले की जांच की जा रही है।

वहीं एएसपी का कहना है कि यदि लड़के की मौत में कोई भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और नशे के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाए जाते रहेंगे।

### नया फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज किया लॉन्च

**देहरादून।** फोर्स मोटर्स लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी वैन निर्माता और अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी ने आज नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज लॉन्च की। इस नई रेंज में एम्बुलेंस, डिलीवरी वैन और स्कूल बस जैसे विभिन्न उपयोग शामिल हैं। यह लॉन्च कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करता है, जिसमें आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन में व्यापक सुधार किए गए हैं। साथ ही, यह कुल स्वामित्व लागत को कम करने और रखरखाव को आसान बनाने में भी मदद करेगा। नई ट्रैवेलर एन रेंज ग्राहकों को हर स्तर पर एक अधिक परिष्कृत और बेहतर अनुभव प्रदान करती है। इस लॉन्च के साथ, फोर्स मोटर्स भविष्य में पूरी तरह से नई ट्रैवेलर एन रेंज पर शिफ्ट होगी और मौजूदा ट्रैवेलर मॉडल को चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित करेगी। चार दशकों से अधिक की विरासत के साथ, ट्रैवेलर इस सेगमेंट का अग्रणी उत्पाद रहा है और 70 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है।

### गढ़वाल विवि की विद्या परिषद की बैठक 21 को

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की 25वीं विद्या परिषद की बैठक 21 मई को आहूत की जायेगी। इस संदर्भ में गढ़वसाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 21 मई को प्रातः 11 बजे से शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र सभागार चौरास में हाईब्रिड मोड में बैठक आहूत की जायेगी।

### जमान को सौंपा उप कुलसचिव प्रशासन का दायित्व

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के पूर्व कुलसचिव रहें अनीज-उज जमान को उप कुलसचिव प्रशासन (शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर) का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुए गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने बताया कि विवि के कार्यों हित को देखते हुए उप-कुलसचिव अनीस-उज जमान को अपने विभागीय कार्यदायित्वों के साथ-साथ उप कुलसचिव प्रशासन (शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर) का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

### डेंगू रोकथाम को अंतरविभागीय बैठक संपन्न

**रूद्रप्रयाग।** डेंगू रोग रोकथाम व नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय अंतरविभागीय बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डेंगू रोकथाम की कार्ययोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को मजबूत समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी अजय कुमार चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी, परिवहन विभाग से एआरटीओ धर्मेंद्र बिष्ट, ईओ नगर पालिका रुद्रप्रयाग हरेंद्र सिंह, ईओ नगर पंचायत अगस्त्यमुनि निकिता भट्ट, एई राजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# राइंका कण्डारी में 'परीक्षा-समीक्षा' पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** राईका कण्डारी, नौगांव (उत्तरकाशी) में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में "परीक्षा-समीक्षा" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्ममंथन, भविष्य की तैयारी तथा बेहतर शैक्षिक दिशा के लिए प्रेरित करना रहा।

विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं पूजा गौड़, खुशी चौहान, कनिका गौड़, रचित गौड़, अनमोल राणा एवं कृष गौड़ को सम्मानित किया।



■ मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक के अध्यापक रहे अनिल प्रसाद बहुगुणा ने विद्यार्थियों के समग्र प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं कला शिक्षक सुरक्षा रावत ने कहा कि यह समय आत्मचिंतन का है और विद्यार्थियों को अपनी गलतियों से सीख लेकर भविष्य को बेहतर दिशा देनी चाहिए। प्रधानाचार्य रमेश लाल ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में आगे क्या बनना है, इसका लक्ष्य विद्यार्थियों को अभी से निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में पहली बार आयोजित इस "परीक्षा-समीक्षा" पहल को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी प्रयास बताया। कार्यक्रम में शिक्षक विशंभर प्रसाद नौटियाल, इंद्र सिंह नेगी सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में सूक्ष्म जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पुलिस ने 1.05 किलो चरस के साथ दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** एसएसपी पौड़ी द्वारा नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, नशा तस्करों की सप्लाई चेन को पूर्णतः ध्वस्त करने तथा नशे की बिक्री, आपूर्ति, परिवहन एवं वितरण से जुड़ी प्रत्येक कड़ी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को देर रात कोटद्वार पुलिस, एएनटीएफ एवं सीआईयू की संयुक्त टीम द्वारा लगातार थानाक्षेत्रान्तर्गत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों एवं व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा मालन नदी पुल के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे दो व्यक्तियों को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान अभियुक्त शहनवाज उर्फ शानू, उम्र-30 वर्ष, निवासी- कोटद्वार जनपद पौडी गढवाल तथा मोहम्मद फईम, उम्र-32 वर्ष, निवासी-जाफ्तागंज, नजीबाबाद उत्तर प्रदेश, हाल पता- लकडी पडाव, कोटद्वार के कब्जे से कुल 01 किलो 52 ग्राम चरस जिसमें शहनवाज उर्फ शानू के कब्जे से 876 ग्राम तथा फईम के कब्जे से 176 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से चरस की तस्करी कर रहे थे और दोनों स्वयं भी नशे के आदी हैं तथा फल एवं मछली बेचने का कार्य करते हैं।

# मेलखेत हाइड्रो प्रोजेक्ट पर एनजीटी नियमों की अनदेखी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में संचालित मेलखेत हाइड्रो प्रोजेक्ट पर पर्यावरणीय नियमों की खुलेआम अनदेखी करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। पिंडर नदी में भारी मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर खनन किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि परियोजना क्षेत्र में आठ से अधिक पोकलैंड मशीनें दिन-रात नदी का सीना चीरकर भारी मात्रा में आरबीएम निकाल रही हैं, जबकि एनजीटी के स्पष्ट दिशा-निर्देश नदी क्षेत्रों में सीमित

■ प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

और नियंत्रित खनन की बात करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में शामिल पिंडर नदी के प्राकृतिक स्वरूप के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नदी के बहाव क्षेत्र को मोड़ा जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। लगातार हो रही खुदाई से नदी तटों के कटाव और आसपास के भूभाग पर भी संकट गहराने लगा है।

# सोनप्रयाग में रुद्रप्रयाग पुलिस ने संभाली व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** बाबा केदार के दर्शनों के लिए वीकेंड पर उमड़ी भारी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच रुद्रप्रयाग पुलिस ने उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन और यातायात संचालन का परिचय देते हुए सोनप्रयाग यात्रा पड़ाव पर व्यवस्थाओं को पूरी तरह नियंत्रण में बनाए रखा। 09 एवं 10 मई (शनिवार और रविवार) को श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के बावजूद पुलिस की सजगता और पूर्व नियोजित रणनीति के चलते यात्रा सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रही।

■ श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से भेजा केदारनाथ धाम

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में पहले से ही सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं। सोनप्रयाग शटल सेवा केंद्र पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने चरणबद्ध तरीके से भीड़ को नियंत्रित किया और हालात के अनुसार त्वरित निर्णय लेते हुए कुछ समय के लिए शटल सेवा को नियंत्रित कर यात्रियों को पैदल गौरीकुण्ड की ओर रवाना किया गया। इससे सोनप्रयाग-गौरीकुण्ड मार्ग पर लगातार गतिशीलता बनी रही और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी गई।

यात्रियों के आगे बढ़ने के बाद शटल सेवा को पुनः सामान्य रूप से संचालित किया गया। पूरी व्यवस्था के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर कतार प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया गया। लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम का सामना न करना पड़े।

सेवाभाव और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पुलिस कर्मियों ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की सहायता को प्राथमिकता दी। भारी भीड़ के बीच पुलिस जवान यात्रियों को सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ाने में लगातार जुटे रहे।

प्रभारी निरीक्षक सोनप्रयाग सहित समस्त पुलिस बल के आपसी समन्वय और सतर्कता के चलते यात्रा मार्ग पर व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक बार फिर साबित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और निर्बाध यात्रा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चारधाम यात्राःतीर्थयात्रियों के लिए 'जीवनदाता' बना एसटीईएमआई प्रोग्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर चारधाम यात्रा को सुरक्षित बनाने के संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग का एसटीईएमआई प्रोग्राम धरातल पर चमत्कारिक परिणाम दे रहा है। विशेष रूप से दुर्गम पहाड़ियों और ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे तीर्थयात्रियों के लिए यह तकनीक श्संजीवनीश साबित हो रही है।

चमोली से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर अब तक 148 तीर्थयात्रियों की ईसीजी जांच की जा चुकी है। इनमें से 5 यात्रियों की स्थिति अत्यंत




■ 5 श्रद्धालुओं को मिला नया जीवन

गंभीर पाई गई थी, जिन्हें समय रहते उपचार देकर मौत के मुंह से बाहर निकाला गया। एक गंभीर मरीज को बदरीनाथ धाम से हेली-एम्बुलेंस के जरिए एम्स ऋषिकेश रेफर कर सुरक्षित पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, 47 अन्य असामान्य मामलों में भी यात्रियों को समय पर चिकित्सा सहायता और निगरानी में रखा गया है।

एसीएमओ डॉ. वैष्णव कृष्णा ने बताया कि यात्रा मार्ग के 14 प्रमुख स्थानों बदरीनाथ धाम, जोशीमठ, गौचर, गोविंदघाट आदि पर आई-पैड युक्त डिजिटल ईसीजी मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इन मशीनों कीखासियत यह है कि रियल-टाइम रिपोर्ट, जांच होते ही रिपोर्ट तुरंत जिला अस्पताल और स्वास्थ्य निदेशालय तक डिजिटल रूप में पहुँच जाती है।जिसे विशेषज्ञ तुरंत रिपोर्ट देखकर थ्रोम्बोलिसिस या रेफरल का निर्णय लेते हैं।थ्रोम्बोलिसिस केंद्र जोशीमठ, गोपेश्वर और कर्णप्रयाग में विशेष थ्रोम्बोलिसिस (थक्का घोलने वाली थैरेपी) केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### क्या है एसटीईएमआई और थ्रोम्बोलिसिस

**एसटीईएमआईः** यह हार्ट अटैक का सबसे खतरनाक प्रकार है, जिसमें हृदय की धमनी पूरी तरह बंद हो जाती है। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन की कमी से इसका खतरा बढ़ जाता है।

**थ्रोम्बोलिसिसः** इसे 'क्लॉट बस्टर' थैरेपी भी कहते हैं। इसमें दवाओं के जरिए धमनी में फंसे खून के थक्के को तत्काल घोलकर रक्त प्रवाह शुरू किया जाता है, जिससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। राज्य सरकार की इस पहल से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में सुरक्षा का भाव जागा है, जिससे विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सेवाएं अब हर मोड़ पर मुस्तैद नजर आ रही हैं।

# चमोली की गुड्डी देवी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शी सोच और प्रदेश में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। जनपद चमोली के ग्राम कुशरानी मल्ली की निवासी गुड्डी देवी ने अपनी कड़ी मेहनत और सरकारी सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है।

**स्वरोजगार की ओर बढ़ते कदमः** अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (प्थ्।क्) द्वारा सहायतित ग्रामोत्थान (त्म्।च्) परियोजना उत्तराखंड की ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी परियोजना के तहत ग्राम कुशरानी मल्ली की गुड्डी देवी, जो श्माई स्वयं सहायता समूह एवं श्सरस्वती स्वायत्त सहकारिताश की सदस्य हैं, को अपना

■ 'रीप' और मुख्यमंत्री की स्वरोजगार योजना से संवर रहे ग्रामीण महिलाओं के सपने

स्वयं का ब्यूटी पार्लर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

गुड्डी देवी के उद्यम को विस्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। परियोजना और बैंक से मिले इस सहयोग से गुड्डी देवी ने अपने क्षेत्र में एक आधुनिक ब्यूटी पार्लर स्थापित किया है। आज वे क्षेत्र की महिलाओं को मेकअप और ब्यूटी से जुड़ी बेहतरीन सेवाएं दे रही हैं। उनके कार्य की गुणवत्ता के कारण उनकी पहचान पूरे इलाके में बन गई है।गुड्डी देवी आज इस उद्यम के माध्यम से प्रतिमाह ₹20,000 से ₹25,000 तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। इससे न केवल उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है।अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए गुड्डी देवी ने कहा, ष्मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ग्रामोत्थान (त्म्।च्) परियोजना और बैंक का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। इनके सहयोग ने मेरे सपनों को पंख दिए हैं। अब मैं न केवल आत्मनिर्भर हूँ, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हूँ।

गुड्डी देवी की यह कहानी आज उत्तराखंड की उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने कौशल के दम पर आर्थिक आजादी पाना चाहती हैं। सरकार के ऐसे प्रयासों से राज्य में महिला सशक्तिकरण का संकल्प निरंतर सिद्ध हो रहा है।

# स्वच्छ शहर के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : नमामि

■ स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत विशेष नागरिक फीडबैक अभियान का आयोजन ■ नगर निगम देहरादून की ओर से दून विश्वविद्यालय में देहरादून को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की नगर आयुक्त नमामि बंसल की अध्यक्षता में दून विश्वविद्यालय, मोथरावाला में स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के अंतर्गत एक विशेष नागरिक फीडबैक अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं शिक्षण संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक नागरिक फीडबैक प्राप्त करना रहा।



कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों एवं स्टाफ को नगर निगम देहरादून ने शहर में संचालित विभिन्न स्वच्छता एवं जनहित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपस्थित प्रतिभागियों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, आरआरआर सेंटर, शिकायत निस्तारण व्यवस्था एवं नागरिक सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से अवगत कराया गया। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक फीडबैक के महत्व को समझाया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक नागरिक का सकारात्मक सहयोग देहरादून को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को QR कोड एवं अन्य माध्यमों के जरिए फीडबैक दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही विद्यार्थियों से फीडबैक भी दर्ज करवाए गए। इस पहल से स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 में देहरादून की रैंकिंग को सकारात्मक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

नगर निगम देहरादून ने दून विश्वविद्यालय परिसर में पीएमसी सुपरवाइजर्स के माध्यम से यह विशेष फीडबैक अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कुल 20 पीएमसी सुपरवाइजर्स की तैनाती की गई है। अभियान को प्रभावी एवं आकर्षक बनाने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर बैनर, स्टैंडीज एवं कियोस्क स्थापित किए गए हैं, ताकि अधिकाधिक छात्र-छात्राएं इस अभियान से जुड़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

नगर निगम देहरादून की ओर से सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में अपना फीडबैक दर्ज कर स्वच्छ एवं सुंदर देहरादून के निर्माण में सहभागी बनें तथा देहरादून को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

# दो दिवसीय श्रीनगर भ्रमण पर रहेंगे मंत्री डॉ. रावत



■ पाबौं विकासखण्ड में संचालित विभिन्न योजनाओं की करेंगे समीक्षा ■ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क कर लोगों की सुनेंगे समस्या

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत आगामी 13 व 14 मई को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के दौरे पर रहेंगे। श्रीनगर प्रवास के दौरान डॉ. रावत क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेंगे साथ ही पाबौं विकासखण्ड मुख्यालय में स्थानीय प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा वह क्षेत्र में जनसम्पर्क कर आम लोगों, दुकानदारों, व्यापारियों, महिलाओं व युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे साथ ही उनसे क्षेत्र के विकास हेतु सुझाव भी लेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में आगामी 13 व 14 मई को पाबौं विकासखण्ड के प्रवास पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत डॉ. रावत बुधवार को क्षेत्र के ग्वाड़ीगाड, भट्टीगांव, सरणा, पाली, कुलभौंरी, छानी, चोपड्यिूं व कोटली गांव में व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क करेंगे। इस दौरान वह क्षेत्र के ग्रामीणों, दुकानदारों, काश्तकारों, महिलाओं व युवाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं से अवगत होंगे, साथ ही क्षेत्र के विकास के लिये उनसे सुझाव भी प्राप्त करेंगे।

गुरुवार को डॉ. रावत पाबौं ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मरम्मत व अनुरक्षण कार्य, आवासीय भवन के रंग-रोगन, इंटरलॉकिंग टाईल सहित विकासखण्ड पाबौं के आवासीय परिसर के मरम्मत कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा इस अवसर पर डॉ. रावत मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चौक भी वितरित करेंगे। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री पाबौं ब्लॉक मुख्यालय में विकासखण्ड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। साथ ही पाबौं क्षेत्र में विद्युत समस्याओं को लेकर यूपीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके अलावा अविभाजित उत्तर प्रदेश में शिक्षा व पर्वतीय मंत्री रहे स्व0 डॉ. शिवानंद नौटियाल के पैतृक गांव कोटला में उनके आवासीय भवन में संग्रहालय स्थापित करने को लेकर डॉ. रावत पर्यटन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेंगे।

इसके बाद डॉ. रावत पाबौं में ग्राम प्रहरियों व बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक भी लेंगे।

### नर्सिंग एकता मंच ने वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन रहा जारी

**देहरादून।** वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर नर्सिंग एकता मंच के सदस्यों का प्रदर्शन मंगलवार को भी दिनभर जारी रहा। कुछ सदस्य कल से टंकी पर चढ़े हैं। वहीं, शाम को धरना दे रहे सदस्यों ने परेड मैदान के पास मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे सड़क पर जाम लग गया। इस दौरान कई लोगों की तबीयत भी बिगड़ गई। एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भेजा गया। टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस सख्ती बरतेगी। परेड ग्राउंड में टंकी पर चढ़े प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि लोगों को नियमानुसार प्रदर्शन करना चाहिए। शांतिपूर्वक उचित मंच पर अपनी बात रखनी चाहिए। कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे शांति और कानून व्यवस्था के लिए चुनौतियां खड़ी हों। ऐसा करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए: महाराज



■ अधिकारी नियमित ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें, लोगों की समस्याएं सुनें ■ कैबिनेट मंत्री ने चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार, पौड़ी में चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के तहत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनहित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया व मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत कर बैठक का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें, ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनें तथा उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता की समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना चाहिए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को भी योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ समय पर मिल सके।

बैठक में लोक निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न मोटर मार्गों एवं निर्माणाधीन सड़कों की विस्तृत समीक्षा की गयी। कैबिनेट मंत्री ने सड़क निर्माण, सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि आमजन, विशेषकर मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरेखा का कार्य करती हैं। इसलिए दूरस्थ गांवों तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है।

बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग से संबंधित लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग एवं लोनि.वि के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर मामलों का त्वरित निस्तारण करने तथा समस्त लंबित प्रकरणों पर 30 मई तक निरीक्षण प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में राज्य सेक्टर के अंतर्गत वर्ष 2017 एवं उससे पूर्व स्वीकृत कार्यों से संबंधित वन विभाग एवं ग्रामीणों की आपत्तियों वाले 12 प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा सभी आपत्तियों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### निर्माणाधीन मोटर मार्गों को वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण कर लिया जाए

बैठक में बताया गया कि स्टेज-2 के अंतर्गत स्वीकृत 16 कार्यों में से 8 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वर्ष 2022 से स्वीकृत 40 डामरीकरण कार्यों में से 35 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन मोटर मार्गों एवं अन्य विकास कार्यों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए, जिससे आमजन को आवागमन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपुली में स्वीकृत 10 पदों के सापेक्ष 7 कार्मिक कार्यरत पाए गए, जबकि 3 पद रिक्त हैं।

# महाराष्ट्र की महिला का 50 हजार से भरा पर्स दून पुलिस ने लौटाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मसूरी घूमने आई महाराष्ट्र की एक महिला पर्यटक का नोटों से भरा पर्स पुलिस ने अल्प समय में ढूंढकर उन्हें वापस लौटा दिया। अपना पर्स सुरक्षित पाकर महिला ने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की।

महाराष्ट्र के कोलाबा (मुंबई) निवासी श्रीमती संध्या पत्नी अशोक सिंह अपने परिवार के साथ इन दिनों चारधाम यात्रा पर आई हैं। मंगलवार को मसूरी रोड पर फोटो खिंचवाने के दौरान उन्होंने अपना पर्स पास ही खड़ी एक अनजान बाइक पर रख दिया था। फोटो खिंचवाने के बाद जब वह वापस मुड़ीं तो न वहां बाइक थी और न ही उनका पर्स। पर्स में 50 हजार रुपये की नकदी समेत कई जरूरी दस्तावेज थे।परेशान महिला ने तत्काल इसकी सूचना चौकी कोल्हूखेत, कोतवाली मसूरी में दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर उस बाइक का नंबर ट्रेस किया जिस पर पर्स रखा गया था। पुलिस ने तत्काल बाइक स्वामी से संपर्क कर उसे मौके पर बुलाया। जब बाइक सवार मौके पर पहुंचा, तो पुलिस और महिला ने देखा कि पर्स अभी भी बाइक की पिछली सीट के हैंडल पर वैसे ही लटका हुआ था। बाइक स्वामी ने बताया कि वह अपने काम से वहां रुका था और काम खत्म कर वहां से चल दिया। उसे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उसकी बाइक पर किसी का पर्स लटका हुआ है। महिला ने जब अपना पर्स चेक किया, तो उसमें रखी नगदी और आईडी कार्ड सुरक्षित मिले।

# नर्सिंग अभ्यर्थियों की मांगों पर शीघ्र निर्णय ले सरकार: गोदियाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के आंदोलनरत नर्सिंग अभ्यर्थियों के धरना स्थल पर पहुंच कर अपना समर्थन देते हुए राज्य सरकार से उनकी न्यायोचित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

ज्ञातव्य हो कि ने नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के आंदोलनकारियों की और से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर लंबे समय से धरना-प्रदर्शन एवं अनशन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कांग्रेसजनों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर नर्सिंग कर्मचारियों को समर्थन देते हुए उनकी जायज मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की।

गोदियाल ने आंदोलनरत नर्सिंग अभ्यर्थियों को अपना समर्थन देते हुए कहा कि बेहद चिंताजनक बात यह है कि पिछले 35 घंटे से अधिक समय से हमारी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला और कुछ नर्सिंग अभ्यर्थी परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढे हुए हैं, लेकिन सरकार अब तक उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि संवेदनहीन सरकार को नर्सिंग अभ्यर्थियों की आवाज सुननी चाहिए। इस अवसर पर मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शाह, प्रदीप थपलियाल, जगदीश धीमान, प्रदेश सचिव राजीव तोमर, सुनित सिंह राठौर, प्रवक्ता मोहन काला, हुकुम सिंह कठैत, ब्लाक अध्यक्ष ललित भद्री, राकेश सिंह मिया, वीरेन्द्र पंवार, विनीत प्रसाद बंटू, विनोद धनोसी आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नीट परीक्षा रद्द होना 23 लाख युवाओं के भविष्य पर हमला: आर्य



■ पेपर लीक माफिया और सरकारी लापरवाही ने युवाओं के सपनों को कुचला

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नीट 2026 परीक्षा रद्द किए जाने को देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के साथ क्रूर मजाक बताया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि 23 लाख छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य पर सीधा प्रहार है।

यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में लगातार हो रहे पेपर लीक यह साबित करते हैं कि भाजपा सरकारें युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में पूरी तरह नाकाम रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार के पास इतनी भी प्रशासनिक क्षमता, इच्छाशक्ति और जवाबदेही नहीं बची है कि एक सामान्य परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करा सके।

उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि यह भी सत्ता के संरक्षण में चल रहा एक ऐसा संयोग और प्रयोग है, जिसमें युवाओं की तकलीफों पर राजनीति की मलाई निकाली जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने सरकार की नीति और नीयत दोनों को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

हर बार दिखावटी जांच, बड़ी-बड़ी घोषणाएं और खोखले आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन परिणाम शून्य रहता है। उन्होंने कहा कि अब सरकार को औपचारिकताओं से बाहर निकलकर आत्ममंथन करना चाहिए और खुद से पूछना चाहिए कि क्या वह देश के युवाओं के साथ न्याय कर रही है।

**दोबारा परीक्षा से छात्रों पर बढ़ेगा आर्थिक और मानसिक बोझः** यशपाल आर्य ने कहा कि अब 23 लाख छात्र दोबारा परीक्षा देने को मजबूर होंगे। उन्हें देश के 552 शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों तक फिर यात्रा करनी पड़ेगी। इससे लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खपत होगी और करोड़ों रुपये का आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों और उनके अभिभावकों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक पीड़ा झेलनी पड़ेगी। सवाल यह है कि क्या केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नुकसान का कोई आकलन किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश का युवा अब जवाब मांग रहा है। आखिर कब तक उनके सपनों को पेपर लीक माफिया और सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं का धैर्य अब टूटने की स्थिति में है और सरकार को इसकी राजनीतिक तथा नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी।


यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-404 **निविदा सूचना** दिनांक- 12/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), मौहम्मदपुर विद्युत गृह द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति / कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा सूचना सं०-03 / अधि0अभि0 / मौ0वि0गृ0 / 2026-27**

**1-कार्य का नाम-** मौहम्मदपुर विद्युत गृह पर 08MVA,11/66KV Transformer की HV bushing की आपूर्ति, स्थापना, एवं कमिशनिंग का कार्य।

**2-अनुमानित लागत-** रू0 22,56,308 (कर अतिरिक्त)

**3-वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :** 13.05.2026

**4.-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 03.06.2026, 15:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# मोथरोवाला में विकसित हो रहा अत्याधुनिक पार्क जनता को समर्पित शीघ्र होगा



■ नगर आयुक्त नमामि बंसल ने निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने मोथरोवाला स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नमामि बंसल ने पार्क में चल रहे निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का गहनता से अवलोकन करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, संरचनात्मक मजबूती, स्वच्छता व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त नमामि बंसल ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क के शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही एक सुंदर, स्वच्छ एवं आधुनिक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराया जा सके।

नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान बताया कि पार्क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है तथा अंतिम चरण के सौन्दर्यीकरण एवं फिनिशिंग कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। सभी कार्य पूर्ण होते ही इस पार्क को जनसामान्य के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल क्षेत्र के सौन्दर्य में वृद्धि करेगा, बल्कि नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगा।

नगर आयुक्त नमामि बंसल ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मोथरोवाला में विकसित हो रहा यह पार्क क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन, स्वास्थ्य, योग एवं सामाजिक गतिविधियों का एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगा तथा शहर के समग्र सौन्दर्य एवं हरित क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया पार्क

नगर निगम देहरादून की ओर से मोथरोवाला में लगभग 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे इस आधुनिक पार्क को पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। पार्क में हरित क्षेत्र (ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट) को विशेष महत्व दिया गया है, जिससे नागरिकों को प्राकृतिक एवं शांत वातावरण प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त नागरिकों के मॉर्निंग एवं ईवनिंग वॉक के लिए आकर्षक एवं सुरक्षित वॉकिंग ट्रैक तैयार किया गया है। पार्क में आगंतुकों के बैठने एवं विश्राम के लिए आकर्षक गजिबो का निर्माण किया गया है, वहीं योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगा शेड एवं मेडिटेशन जोन भी विकसित किए गए हैं। पार्क के मध्य विकसित की जा रही सुंदर वॉटर बॉडी इसकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी, जो पार्क की सुंदरता में चार चांद लगाएगी। इसके साथ ही पार्क परिसर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को क्योस्क एवं आधुनिक स्मार्ट शौचालय की व्यवस्था भी की गई है। पार्क में आने वाले नागरिकों एवं बच्चों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए लगभग 1200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विशेष पार्किंग स्थल विकसित किया गया है, जिससे आगंतुकों को यातायात एवं पार्किंग संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।


यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 407 निविदा सूचना दिनांक 12.05.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण), यमुना भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :

निविदा संख्या-05/EE(C-M)/DDN/2026-27, 06/EE(C-M)/DDN/2026-27 & 07/EE(C-M)/DDN/2026-27

कार्य का नाम- 1. यमुना कालोनी, देहरादून स्थित यूजेवीएन लिमिटेड के अनावासीय भवनों में अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य।

2. यमुना कालोनी स्थित यूजेवीएन लिमिटेड के द्वितीय श्रेणी (पी – द्वितीय एवं एस0बी0सी0) के आवासों में अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य।

3. उज्ज्वल स्थित न्यू कॉरपोरेट बिल्डिंग परिसर एवं कार्यालय के लिए बागवानी व वृक्षारोपण का कार्य।

अनुमानित लागत क्रमश- रू 12,82,058.00, रू 22,10,081.00 एवं रू 9,89,750.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि -13.05.2026 को 14.00 बजे से।

निविदा जमा करने की अन्तिमतिथि- 04.06.2026 को 14.00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "https://ujvnl.uk.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण))

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# ट्रॉमा केयर, अंगदान व नर्सिंग मानवता की रक्षा के तीन सशक्त स्तंभ: राज्यपाल




■ राज्यपाल ने एम्स ऋषिकेश में "उन्नत ट्रॉमा देखभाल, अंगदान और नर्सिंग उत्कृष्टता" कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ऋषिकेश।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित "उन्नत ट्रॉमा देखभाल, अंगदान और नर्सिंग उत्कृष्टता" विषयक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित किया तथा अंगदान करने वाले दानदाताओं एवं उनके परिजनों को भी सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ट्रॉमा केयर, अंगदान और नर्सिंग उत्कृष्टता केवल चिकित्सा विज्ञान के विषय नहीं हैं, बल्कि मानवता की रक्षा के तीन सशक्त स्तंभ हैं। ये सेवा-भाव, संवेदनशीलता और जीवन के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा करुणा, समर्पण और मातृत्व की भावना का जीवंत स्वरूप है। गंभीर अवस्था में मरीज के लिए नर्स केवल स्वास्थ्यकर्मी नहीं, बल्कि विश्वास, सहारा और आत्मीयता का प्रतीक बन जाती है। राज्यपाल ने नर्सिंग पेशे के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि नर्सें समाज में मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। ट्रॉमा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि दुर्घटना के बाद का "गोल्डन ऑवर" अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और समय पर उपचार मिलने से मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे दुर्गम एवं पर्वतीय राज्य में प्रभावी ट्रॉमा प्रबंधन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। अंगदान के महत्व पर बल देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह मानवता का सर्वोच्च दान है, जो किसी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शरीर भले ही नश्वर हो, लेकिन दान किए गए अंग मानवता के साथ जीवित रहते हैं। उन्होंने समाज से अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि एम्स ऋषिकेश हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस, टेलीमेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में एआई आधारित तकनीकों, रोबोटिक्स, आधुनिक डायग्नोस्टिक्स, नेत्र चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग कुसुम कण्डवाल, एम्स की कार्यकारी निदेशक डॉ. मीनू सिंह, एचओडी ट्रॉमा केयर डॉ. कमर आजम, डॉ. शैलेन्दु शंकर, कर्नल बीनू शर्मा, डॉ. मधुर उनियाल सहित एम्स ऋषिकेश के मेडिकल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


टैलीफैक्स-0135-2522941 **BRIDCUL (ब्रिडकुल)** ई-मेल: pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGC032591

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालय – देहरादूनः अवस्थापना भवन, 583-ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून-248001

Ref No: 263/BRIDCUL-233/26 Dated: 12/05/2026

**NIT (Notice Inviting Tender)**

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specification, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/ submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Site Development work at HNB Medical Education University Sheesambada Dehradun | 17.56 | 53000.00 | Rs. 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |
| 2 | Miscellaneous Civil work at HNB Medical Education University Sheesambada Dehradun | 15.89 | 48000.00 | Rs. 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **13.05.2026 to 26.05.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18% GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest by 1500 hours on **26.05.2026** and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager, BRIDCUL**

### जिलाधिकारी ने जनपद में सीएम द्वारा की गई घोषणाओं की गई समीक्षा

# विकास योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही नहीं होगी क्षम्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** जनपद मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित होने वाली विकास योजनाओं के लिए की गई घोषणाओं के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में की समीक्षा बैठक। बैठक में सीएम घोषणाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके विभाग से संबंधित जो भी घोषणाएं मुख्यमंत्री द्वारा की गई है,उन घोषणाओं पर शीर्ष प्राथमिकता से जो भी कार्यवाही की जानी है वह तत्परता से की जाए,इसमें किसी भी प्रकार से कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि विकास योजनाओं/कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए जिस स्तर से जो भी कार्यवाही की जानी है,वह त्वरित गति से की जाए। उन्होंने लोनिवि, सिंचाई विभाग, जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उनके स्तर से जिन घोषणाओं में कार्य प्रगति पर है, उन कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिए तथा जिन घोषणाओं में शासन स्तर पर कार्यवाही की जानी है उसके लिए शासन स्तर पर पत्रकार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अर्थ संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से की गई सीएम घोषणाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी, सीओ ट्रैफिक बिपेंदर सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल,अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी, जिला प्रोविजन अधिकारी अविनाश भदौरिया, उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी,जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरांग सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने नशा तस्करी चेन पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नशे के कारोबार पर कड़ा रूख अपनाते हुए एसएसपी नवनीत सिंह नशा तस्करी चेन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि कोई भी नशा तस्कर और पैडलर गिरफ्तारी से बचने ना पाए। नशा तस्करी की पूरी चेन पर कार्रवाई की जाए और संबंधित सीओ इसकी साप्ताहिक समीक्षा करें। बैठक को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि चारधाम यात्रा धीरे धीरे चरम पर आ रही है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करें। यात्रा मार्ग में गश्त और यातायात टीमें लगातार एक्टिव रहें, ताकि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। वीकेंड पर थाना और यातायात प्रभारी आपसी समन्वय से शहर से देहात तक यातायात व्यवस्था दुरुस्त करेंगे। ऑपरेशन प्रहार की सराहना करते हुए एसएसपी ने ऑपरेशन के तहत अच्छा कार्य करने पर सभी पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की और भविष्य में भी शत प्रतिशत योगदान देने की अपेक्षा जताई। एसएसपी ने सीनियर सिटिजन की सुरक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि थाना प्रभारी और हल्का प्रभारी क्षेत्र में रह रहे सीनियर सिटिजन के घर जाकर वार्तालाप करें और उन्हें जरूरी नंबर उपलब्ध कराएं। इसके अलावा समर सीजन में आगजनी की सूचना पर फायर यूनिट को तत्काल मौके पर पहुंचने, लापरवाही न हो। पिट एनडीपीएस एक्ट के अपराधियों की कुंडली खंगालकर उनके खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करने, जघन्य अपराधों में सख्ती गिरफ्तारी, शिकायती पत्रों का शीघ्र निस्तारण और क्षेत्राधिकारियों को साप्ताहिक समीक्षा करने, मुख्यालय के पोर्टलों पर डाटा समयबद्ध अपलोड करने के निर्देश भी दिए।



गोष्ठी में एसपी क्राइम व ट्रैफिक निशा यादव, एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल समेत सभी अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में हरिलोक तिराहे के पास सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार हरिलोक कॉलोनी निवासी अंकुर सैनी ने शिकायत देकर बताया कि उनके पिता सत्यपाल सिंह सैनी सात मई की रात बस से उतरने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। रात करीब 9:50 बजे हरिलोक तिराहे के पास सड़क पार करते समय तेज गति से आए बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

घटना में सत्यपाल सिंह के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें स्वामी भूमानंद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया गया है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की पहचान में जुटी है।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कमरे के बाहर खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में कमरे के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शिवम विहार कॉलोनी फेस-2 सलेमपुर निवासी विपुल पंवार ने शिकायत देकर बताया कि वह एंकर पैनासोनिक कंपनी में कार्यरत हैं। नौ मई की रात ड्यूटी से लौटने के बाद उन्होंने अपनी बाइक कमरे के बाहर खड़ी की थी। खाना खाने के बाद वह सो गए। सुबह उठने पर बाइक गायब मिली।

काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें देर रात एक युवक बाइक चोरी कर ले जाता दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुटी है। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, जांच शुरू

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने युवक पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 11 मई को घर के बाहर मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान अंकुश नाम का युवक उसे अपने साथ लेकर चला गया। काफी देर तक बेटी के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान किशोरी आरोपी युवक के घर से बरामद हुई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस किशोरी के बयान समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गबन के मामले में फरार बैंक कर्मचारी सहारनपुर से गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने गबन के मामले में फरार चल रहे आरोपी बैंक कर्मचारी को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पांच हजार का ईनाम घोषित था। जानकारी के अनुसार 23 मार्च 2025 को नई बस्ती भीमगोड़ा निवासी हरिओम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी गौरव कुमार पुत्र चरणजीत सिंह निवासी नई बस्ती भीमगौड़ा पर धोखाधड़ी कर खाते से पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये दिशा निर्देश पर नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नेत्तृव में आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमे गठित की गयी। आरोपी के लगातार फरार रहने के चलते एसएसपी ने उस पर पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना एवं मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर उसे नानकपुरम जनता रोड थाना जनकपुरी सहारनपुर उ.प्र. से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट, एसआई नवीन नेगी, अपर उपनिरीक्षक दीपक ध्यानी, कांस्टेबल शिवानन्द, एसओजी कांस्टेबल वसीम, मुकेश उनियाल शामिल रहे।

# 26 पुलिसकर्मी चुने गए मैन ऑफ द मंथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद के विभिन्न थानों, कोतवाली व यूनिटों में तैनात 26 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए मैन ऑफ द मंच चुना गया है। एसएसपी नवनीत सिंह ने चयनिय पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि बेहतर कार्य करने वालों के सम्मान से पूरी फोर्स का मनोबल बढ़ता है। मैन ऑफ द मंथ चुने गए पुलिसकर्मी- हेडकांस्टेबल संजीव राणा कोतवाली नगर, कांस्टेबल जितेंद्र राणा, हेडकांस्टेबल कुलदीप सिंह थाना श्यामपुर, कांस्टेबल दिनेश कुमार कोतवाली ज्वालापुर, कांस्टेबल नितुल यादव थाना बहादराबाद, कांस्टेबल अजय कुमार कोतवाली रानीपुर, हेडकांस्टेबल संजय थाना सिडकुल, अपर उपनिरीक्षक एसआई मनीष कवि, अपर उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह व




हेडकांस्टेबल अलियास कोतवाली गंगनहर, महिला कांस्टेबल सरिता थाना कलियर, एसआई यशवीर सिंह नेगी, हेडकांस्टेबल पंचम प्रकाश, हेडकांस्टेबल विनोद कुमार कोतवाली लकसर, कांस्टेबल सुधीर व कांस्टेबल रणवीर सिंह कोतवाली मंगलौर, अभियोजन कार्यालय महिला कांस्टेबल सरिता रावत, फायरमैन दीपक दास फायर स्टेशन लक्सर, हेडकांस्टेबल सूरज नेगी पुलिस दूरसंचार, महिला कांस्टेबल सिद्धी पुलिस लाईन, अपर उपनिरीक्षक मनोज कुमार यातायात पुलिस रूड़की, कांस्टेबल राजकिशोर सीपीयू रूड़की, कांस्टेबल उमेश कुमार सीआईयू हरिद्वार, कांस्टेबल संदीप सजवाण एलआईयू, कांस्टेबल सर्वेश कुमार डॉग स्कवायड, कांस्टेबल अनिल चौहान फील्ड यूनिट।

### आईएनसी मान्यता विवाद पर नर्सिंग कॉलेज में हंगामा

# फीस वापसी को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के रोहालकी स्थित नर्सिंग केयर कॉलेज में मंगलवार को फीस वापसी के मुद्दे पर छात्रों और कॉलेज प्रबंधन के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि हालात संभालने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। हालांकि देर शाम तक चली वार्ता के बावजूद मामले का कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

छात्रों का आरोप है कि कॉलेज में प्रवेश के समय प्रबंधन ने संस्थान को Indian Nursing Council (आईएनसी) से मान्यता प्राप्त बताया था, लेकिन बाद में उन्हें जानकारी मिली कि कॉलेज को यह मान्यता प्राप्त नहीं है। इस खुलासे के बाद छात्रों में भारी आक्रोश फैल गया।



पिछले कई दिनों से छात्र कॉलेज परिसर के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं और अपनी जमा फीस वापस करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहा है और फीस लौटाने में टालमटोल कर रहा है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधन की ओर से उन्हें दबाव में लेने और डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है, जिससे उनका आक्रोश और बढ़ गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार सचिन कुमार, क्षेत्राधिकारी संजय चौहान और बहादराबाद कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बीच कई दौर की वार्ता कराई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई।

इस दौरान कॉलेज प्रशासन के रवैये को लेकर भी सवाल खड़े हुए। छात्रों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलेज परिसर में कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों और ग्रामीणों के साथ गेट पर अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी फीस जल्द वापस नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया

# स्मैक सप्लाई करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल कोतवाली क्षेत्र में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने स्मैक सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पूर्व में पकड़े गए स्मैक तस्कर से मिली जानकारी के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली कनखल प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को कनखल पुलिस ने डिग्गी भट्टा शास्त्री नगर मेरठ निवासी शंकर को 7.92 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में शंकर ने बताया था कि उसने स्मैक हिमांशु नामक युवक से खरीदी थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी हिमांशु गौतम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से थाना नुमाइश कैंप जिला सहारनपुर का रहने वाला है और वर्तमान में विकास कॉलोनी रानीपुर, ज्वालापुर में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र शाह और कांस्टेबल सतेंद्र रावत शामिल रहे।

### ऑनलाइन ठगी के मामलों में केस दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रवेज अली, व अरुण कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। पीड़ित के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन कर ऑनलाइन माध्यम से संपर्क कर पहले भरोसे में लिया और बाद में डर या चोट पहुंचाने की धमकी देकर प्रवेज से एक लाख रुपये की राशि हड़प ली। अरूण कुमार से एक लाख नवासी हजार की धोखाधड़ी की है। बताया कि आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए मानसिक दबाव बनाया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। डर के कारण उसने आरोपी के बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के बाद आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया, जिससे उसे ठगी का एहसास हुआ। घटना के बाद पीड़ितो ने तत्काल पुलिस से संपर्क कर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। संबंधित साइबर सेल को भी प्रकरण से अवगत कराया गया है, ताकि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचा जा सके।

# 1857 की क्रांति दिवस पर शहीदों को नमन, पत्रकार सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आर्य समाज नंद विहार रुड़की एवं शहीद भगत आदर्श युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में सुनहरा रोड स्थित ऐतिहासिक वटवृक्ष परिसर में 10 मई 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि यज्ञ एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारियों एवं वीर वीरांगनाओं को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों एवं वंशजों को ओ३म अंगवस्त्र, शॉल एवं शहीदों के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हरपाल सिंह सैनी एवं डॉ. संदीप वेदालंकार ने कमल शर्मा, उपासना तेश्वर तथा प्रमोद कुमार को पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान हरपाल सिंह सैनी ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है, जो दिन-रात समाज को सच्चा




आईना दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि "1857 की क्रांति केवल विद्रोह नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को जगाने वाला महान आंदोलन था। आज की युवा पीढ़ी को शहीदों के संघर्ष और त्याग से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। डॉ. संदीप वेदालंकार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाजहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को निर्भीकता से उठाने वाले पत्रकार लोकतंत्र की सशक्त आवाज होते हैं। कार्यक्रम में पवन आर्य, निर्दोष सैनी, देवेंद्र त्यागी, राजेश त्यागी, उधम सिंह, विनोद राठी, वीरेंद्र आर्य, अशोक कुमार, शिवकुमार, रविंद्र आर्य, भरत सिंह, पीतम सिंह, पुष्पेंद्र आर्य, सुखवीर आर्य, दीपा सैनी एवं अनुज सैनी सहित बड़ी संख्या में आर्यजन उपस्थित

# धूमधाम से मनाया हरिहर पुरूषोत्तम भागवत धाम का वार्षिकोत्सव

### समाज में धर्म और ज्ञान का जागरण करना ही संत समाज का उद्देश्य : स्वामी हरिचेतनानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित हरिहर पुरूषोत्तम भागवत धाम का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि समाज में धर्म और ज्ञान का जागरण करना ही संत समाज का उद्देश्य है। संतों के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान से ही व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन सनातन के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत



सनातन धर्म संस्कृति के संवाहक हैं। समाज को दिशा दिखाने में संत समाज ने हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि संत महापुरूषों के प्रयासों से आज पूरे विश्व में सनातन की पताका फहरा रही है। हरिहर पुरूषोत्तम भागवत धाम की सेवा संस्कृति का विस्तार करते हुए समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रसार करना ही उनका उद्देश्य है। महंत सुयज्ञ मुनि ने कहा कि संत परंपराओं का पालन करते हुए मानव कल्याण में प्रमुख भूमिका निभा रहे स्वामी जगदीश दास उदासीन विद्वान संत हैं। सनातन के प्रचार प्रसार और मानव कल्याण में उनके योगदान से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। महंत कमलदास ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वामी भगवत स्वरूप, स्वामी विवेकानंद, महंत देवानंद सरस्वती, स्वामी प्रेमानंद, महंत राघवेंद्र दास, महंत हनुमान दास, महंत प्रकाश मुनि, महंत सूरज दास, महंत नारायण दास पटवारी, स्वामी अनंतानंद गिरी, महंत बिहारी शरण, स्वामी रामनुज, स्वामी ऋषिराम कृष्ण, महंत अरूण दास, महंत सेवा दास, महंत अमर दास, महंत फलाहारी बाबा, महंत अर्जुन दास, महंत हर विष्ण दास, महंत द्वारका दास सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# समाधान समारोह 2026 के तहत लोक अदालतों से मिलेगा त्वरित न्याय : सिमरनजीत कौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब हरिद्वार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सिमरनजीत कौर ने कहा कि न्याय को सरल, सुलभ और कम खर्चीला बनाने के उद्देश्य से "समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026" अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, गंगाजली एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समारोह सचिव महताब आलम ने किया। सिमरनजीत कौर ने कहा कि प्रत्येक न्यायालय में करीब 100 से 200 मामले लंबित रहते हैं, जिनमें कई मामलों का समाधान आपसी संवाद और सहमति से आसानी से संभव है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "समाधान समारोह 2026" की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से की जा चुकी है। इसकी परिणति 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के रूप में होगी। इसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों को सुलह- समझौते के जरिए निपटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत से पहले राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों




तथा मध्यस्थता केंद्रों में पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों को समझौते के लिए प्रेरित करेंगे। पक्षकार इन बैठकों में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हो सकेंगे। सिमरनजीत कौर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरकर संबंधित पक्ष अपने मामलों को "समाधान समारोह 2026" में शामिल करा सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों और आमजन से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सुलह-समझौते से न केवल न्यायालयों का बोझ कम होगा, बल्कि लोगों को लंबे समय तक चलने वाले विवादों से भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में बालकृष्ण शास्त्री, कुलभूषण शर्मा, डॉ. शिवा अग्रवाल, मनोज खन्ना, रजनीकांत शुक्ला, संदीप शर्मा, लव शर्मा, संदीप रावत, राहुल वर्मा, शैलेंद्र गोदियाल, गुलशन नैयर, श्रवण झा, रूपेश वालिया, सुनील दत्त पांडे, निशा शर्मा, हिमांशु द्विवेदी, आदेश त्यागी, प्रशांत शर्मा, अविक्षित रमन, रत्नमणी डोभाल, वैभव भाटिया, महावीर नेगी, प्रतिभा वर्मा, पुलकित शुक्ला, राजकुमार पाल एवं रमन सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद

# एसएमजेएन कालेज के छात्रों ने किया पौधारोपण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज के बीएससी के छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. सुनील कुमार बत्रा एवं छात्र कल्याण डीन डा.एसके माहेश्वरी ने किया। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने गमलों में जिनिया, मैडागास्कर, पेरिविंकल, सूरजमुखी, स्नेक प्लांट, एलोवेरा, गुलाब आदि के पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण के छात्र-छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य डा.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि युवाओं का पर्यावरण से जुड़ना न केवल कालेज परिसर को सुंदर बनाएगा, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों के नियमित रखरखाव और संरक्षण की शपथ भी दिलाई। डीन डा.एस.के. माहेश्वरी ने भी छात्रों के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के विनीत सक्सेना, प्रिंस, डा.पूर्णिमा सुंदरियाल, डा.मनीषा पांडे, पदमावती तनेजा, यादवेन्द सिंह सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# गोरखा और बंगाली बस्ती में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया



■ लोगों को डेंगू से बचाव की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद विकासनगर द्वारा वार्ड नंबर-9 स्थित गोरखा बस्ती और बंगाली बस्ती में स्वच्छता एवं डेंगू रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने तथा आसपास पानी जमा नहीं होने देने के लिए प्रेरित किया गया।

अधिशासी अधिकारी बीपी भट्ट के निर्देश पर चलाए गए अभियान में नगर पालिका की टीम ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों को डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी। टीम ने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा नहीं होने देने, कूलर एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।

अभियान में सफाई निरीक्षक पवन कुमार, सफाई नायक सुभाष, गौतम, राजकुमार, रवि शंकर, राजेश सहित पर्यावरण मित्र मौजूद रहे। पालिका टीम ने लोगों से नगर को स्वच्छ और डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की।

# छावनी बाजार में गहराया पेयजल संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पर्यटन नगरी चकराता के छावनी बाजार क्षेत्र में इन दिनों पेयजल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को पीने तक के पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच जलापूर्ति व्यवस्था चरमराने से स्थानीय लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से घरों में लगे नलों में बेहद कम समय के लिए पानी आ रहा है। इतना ही नहीं, पानी का प्रेशर भी बहुत कम होने के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले परिवारों तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा। लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। स्थानीय निवासी राजेंद्र चौहान, आनंद राणा, कमल रावत, दिनेश चांदना, रविंद्र चौहान, बबीता देवी, कृति नैथानी और सुनीता देवी ने बताया कि सार्वजनिक स्टैंडपोस्टों और सरकारी नलों पर भी नाममात्र की जलापूर्ति हो रही है। मजबूरी में लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।



■ बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग, महिलाएं व बुजुर्ग दूर दराज क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर

लोगों का कहना है कि सुबह और शाम निर्धारित समय पर भी नलों में आधे घंटे से अधिक पानी नहीं आता। कम प्रेशर के चलते कई घरों में पानी पहुंच ही नहीं पाता, जिससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इधर, छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य अनिल चांदना ने मंगलवार को मुख्य अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे छावनी क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार विकराल होता जा रहा है। पत्र में उन्होंने बताया कि छावनी परिषद को पानी उपलब्ध कराने वाले बोरवेल का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। साथ ही मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस की ओर से सिविल क्षेत्र में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं किए जाने से आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कर नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। वहीं स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गर्मी बढ़ने के साथ पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है, जिससे आने वाले दिनों में संकट और गहराने की आशंका जताई जा रही है।

## एक नजर .......

### सेपियंस स्कूल विकासनगर का कराटे में शानदार प्रदर्शन

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल, विकासनगर के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड कराटे चौंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई, जो कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड कराटे फेडरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन से संबद्ध है। प्रतियोगिता का आयोजन 8 मई से 10 मई तक मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स हॉल, आमवाला, देहरादून में किया गया। विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से 5 विद्यार्थियों ने पदक जीतकर शानदार सफलता प्राप्त की। आदित्य क्षेत्री, खुशी थापा ने स्वर्ण पदक, लक्की रावत ने रजत पदक, अर्नव कक्कड़, अरीब अली ने कांस्य पदक अपने नाम किया। आदित्य क्षेत्री एवं खुशी थापा का चयन राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप हेतु हुआ है, जो 5 जून से 8 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा, निदेशिका रश्मि गोयल एवं रशिता सपरा, प्रशिक्षक बीएस राय, सतीश कुमार, संजय चौहान, सूरज चौहान ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक ने गोशाला में ऑटोमेटिक रोटी मशीन, डॉग शेल्टर का किया शुभारंभ

**विकासनगर।** दून एनिमल वेलफेयर गौशाला द्वारा संचालित गौशाला परिसर में सेवा, करुणा एवं पशु कल्याण को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन, आधुनिक डॉग शेल्टर एवं संस्था की आधिकारिक पत्रिका का शुभारंभ किया गया। ऑटोमेटिक रोटी मेकिंग मशीन का उद्घाटन विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, पुरकुल सोसायटी से डायना तथा उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड के निदेशक ए.एल. बिष्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, वहीं डॉग शेल्टर का उद्घाटन ए.एल. बिष्ट द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दून एनिमल वेलफेयर गौसेवा के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रही है और गौसेवा के कार्य से जुड़ना सौभाग्य की बात है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को निराश्रित एवं घायल पशुओं की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। संस्था के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि संस्था भविष्य में बेजुबान एवं बेसहारा पशुओं की सेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करती रहेगी तथा पशु कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का प्रयास करेगी। कार्यक्रम के दौरान सुमीत राणा, भुपी अमित सवी, शेखर बंसल, रमेश ढौंडियाल, अमित तोमर, मनीष नेगी, कुनाल, आलोक अहूजा, शालू एवं आकाश सहित अनेकों पशुप्रेमी, गौसेवक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# राज्य ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने शिवालिक एकेडमी का नाम किया गौरवान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** 9वीं उत्तराखंड राज्य ग्रैपलिंग चौंपियनशिप 2026 में शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

यह प्रतियोगिता ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा, ग्रैपलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की मान्यता के अंतर्गत, 9 एवं 10 मई को भारत मंदिर पब्लिक स्कूल ऋषिकेश में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में शिवालिक एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए, जिनमें 9 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। कैडेट वर्ग में दिव्यांश बर्त्वाल, शिवम नेगी तथा प्रणीत पुंडीर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। दिव्यांश सिंह ने रजत पदक जीता, जबकि आदित्य राणा और सरबजोत रवि ने कांस्य पदक अर्जित किए।



■ विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 पदक अपने नाम किए

सब-जूनियर वर्ग में अक्षित पवार, हार्दिक रावत, वेदांश कला, अखिल रावत, आद्या वर्मा तथा मिस्टी गैरोला ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

अर्पित पटोला और विवेक कुमार ने रजत पदक प्राप्त किए, जबकि आयुष चंद्र ने कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी त्यागी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षक बिट्टू विशान क्षेत्री को उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों के लिए बधाई दी।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **आयशा (AISHA)** की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की अंकतालिका में पिता के रूप में मेरा नाम **आबिद (ABID)** लिखा हुआ है, जबकि मेरा पूर्ण एंव सही नाम **'मौहम्मद आबिद हुसैन (MOHAMMAD AABID HUSAIN)** है। अत: उपरोक्त शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा सही नाम अंकित किया जाना आवश्यक एवं न्यायोचित है।

**शपथकर्ता:** मौहम्मद आबिद हुसैन पुत्र बाबुजान, निवासी: 15/7, पलटन बाजार, घंटाघर, एटीएम के सामने, देहरादून, पिन- 248001, उत्तराखंड।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **मौ. आमिल (Mohd Aamil)** की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की अंकतालिका में पिता के रूप में मेरा नाम **आबिद (ABID)** लिखा हुआ है, जबकि मेरा पूर्ण एंव सही नाम **मौहम्मद आबिद हुसैन (MOHAMMAD AABID HUSAIN)** है। अत: उपरोक्त शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा सही नाम अंकित किया जाना आवश्यक एवं न्यायोचित है।

**शपथकर्ता:** मौहम्मद आबिद हुसैन पुत्र बाबुजान, निवासी: 15/7, पलटन बाजार, घंटाघर, एटीएम के सामने, देहरादून, पिन- 248001, उत्तराखंड।

# हरबर्टपुर में एआई एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का निरीक्षण

**82 लाख से अधिक के विकास कार्यों का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शुभारंभ किया। इस दौरान पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में आयोजित एआई एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का निरीक्षण भी किया गया।

कुल 82.77 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने तेलपुर आदर्श कॉलोनी में 11.84 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। हरबर्टपुर क्षेत्र में 13.93 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एक अन्य सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। विधायक ने राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड मेकर लैब के माध्यम से आयोजित एआई एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का निरीक्षण किया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बास्केटबॉल मैदान एवं बहुउद्देश्यीय टिन शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं एवं मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर हरबर्टपुर मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, सभासद विनोद कश्यप, ऋषभ अग्रवाल, संतोष रावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनींद्र बार्थवाल शिक्षा अधिकारी विनीता नेगी कठैत आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अपने पुत्र अरूण कुमार उर्फ विक्की को उसके अनुचित आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति एवं पारिवारिक सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। भविष्य में अरूण कुमार उर्फ विक्की द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन अथवा कार्य के लिए मैं एवं मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होंगे।

**श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद, निवासी वार्ड नं. 6, फतेहपुर टांडा, जीवनवाला, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून।**

**न्यायालय जिला जज उत्तरकाशी**
**प्र.व्यवहार वाद संख्या-02/2026**
**राजेन्द्र सिंह**
**बनाम**
**बालेन्द्र सिंह**

**नोटिस बनाम:**- समस्त रिश्तेदारान स्व. श्रीमती जलमा देवी पत्नी स्व. बुद्वि सिंह निवासी वार्ड संख्या-11 ज्ञानसू नगरपालिका परिषद बाडाहाट तहसील भटवाडी जिला उत्तरकाशी

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने अपनी स्व. माता श्रीमती जलमा देवी के पंजाब नेशनल बैंक शाखा उत्तरकाशी के खाता सं.- 0881000100131940 में जमा धनराशि मुव.- 2,29,412.00 रू. को प्राप्त करने वावत इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने वाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 28 माह 05 सन् 2026 को तिथि आपत्ति हेतु नियत है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि यदि किसी को मृतक श्रीमती जलमा देवी के पंजाब नेशनल बैंक शाखा उत्तरकाशी में छोडी गई धनराशि का प्रार्थीगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी करने पर कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को स्वयं या द्वारा वकील के हाजिर आकर उक्त प्रार्थना पत्र पर आपत्ति पेश करें। उक्त वर्णित दिवस को आपकी उपस्थिति में चूक होने पर उक्त प्रार्थना पत्र की एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

आज दिनांक 08.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**सदम मुन्सरिम**
**जिला जजी, उत्तरकाशी**

**सूचना**

मेरा नाम सुनीता मल्होत्रा (SUNITA MALHOTRA) ना होकर सुनित मल्होत्रा (SUNIT MALHOTRA) है जो कि सत्य व सही है। श्रीमती सुनित मल्होत्रा (SUNIT MALHOTRA) पत्नी स्व. रमेश मल्होत्रा पुत्री श्री बलदेवराज कक्कड (BALDEVRAJ KAKKAR) रेजिडेंट 10/6A, स्पेशल विंग, प्रेमनगर देहरादून, उत्तराखंड पिन 248007.

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौडी गढ़वाल**
**नि. संख्या-51/2023-24**
**श्रीमती राधिका देवी**
**बनाम**
**सतीश चन्द्र आदि**

समन बनाम (प्रतिवादीगण) 1. सतीश चन्द्र पुत्र स्व. पुरषोत्तम 2. केशव दत्त 3. मनीराम पुत्रगण गोपाल दत्त 4. माधवानन्द 5. कांतिमणी पुत्र कुशदेव 6. कैलाश चन्द्र पुत्र गोपालदत्त 7. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी जसवन्त सिंह 8. श्रीमती रश्मि पत्नी देव सिंह 9. गब्बर सिंह पुत्र केशर सिंह 10. गणेश चन्द्र पुत्र विशालमणी 11. आशीष पुत्र यशवन्त सिंह 12. श्रीमती मथुरा देवी पत्नी शिव सिंह 13. भारत सिंह पुत्र भवानी सिंह 14. बचन सिह पुत्र आनन्द सिंह 15. श्रीमती लीला देवी पत्नी धीरेन्द्र सिंह 16. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी भारत सिंह 17. श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी अमर सिंह 18. श्रीमती बिशम्बरी देवी पत्नी केशवानन्द 19 श्रीमती हेमा पत्नी महेश चन्द्र 20. मथुवानन्द पुत्र स्व. पुरषोत्तम 21. श्रीमती किरन देवी पत्नी महेशचन्द 22. केशवदत्त पुत्र गोपालदत्त 23. श्रीमती देवेश्वरी देवी पत्नी मोहन सिंह 24 सुनील पुत्र मोहन सिंह 25. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी महिधर प्रसाद 26. श्रीमती मालती देवी पत्नी केशर सिंह 27. सितार सिंह पुत्र भोपाल सिंह 28. हरीश चन्द्र द्विवेदी पुत्र खुशालमणी 29. गोकुल सिंह नेगी पुत्र गिरधर सिंह नेगी 30. लीलाधर पुत्र गंगाराम 31. श्रीमती देवकी देवी पत्नी गंगाराम 32. सूरेश 33. राकेश पुत्र पुत्र देवीप्रसाद समस्त निवासीगण ग्राम प्रधान, ग्राम सभा देवरामपुर, पटटी मोटाढाक, कोटद्वार जिला पौडी गढवाल। 34. ग्राम प्रधान, ग्राम सभा देवरामपुर, पटटी मोटाढाक, कोटद्वार, जिला पौडी गढवाल। 35. श्रीमती मीरारानी पत्नी मानेश्वर प्रसाद निवासीगण नजीबाबाद रोड, कोटद्वार, जिला पौडी गढवाल

चूंकि अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध एक अपील प्रस्तुत की गयी है, जिस पर जवाबदेही की तिथि 19/05/2026 नियत है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रात: इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा उक्त वाद में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 05/05/2026 को न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**अहलमद**
**न्यायालय की आज्ञा से**
**न्यायालय अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी**

**कार्यालय उत्तराखण्ड वक़्फ़ बोर्ड अल्पसंख्यक कल्याण भवन**
**शहीद भगत सिंह कॉलोनी, देहरादून 248001**

पत्रांक:105/उ.व.बो./2026-27 दिनांक 04.05.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 61, केन्द्रीय वक्फ अधिनियम 1995/2013 यथासंशोधित 2025 ( केन्द्रीय वक्फ पोर्टल ( UMEED पर वक्फ सम्बन्धी सूचनाऐं/अभिलेख/विवरण दर्ज न किये जाने हेतु )**

उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड में पंजीकृत औकाफ के समस्त वक्फ प्रबन्धन/मुतवल्ली/प्रशासक को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि :-

1. वक्फ अधिनियम 1995/2013 यथासंशोधित 2025 की धारा 3बी जो कि निम्नवत है :- Every waqf registered under this Act, prior to the commencement of the Waqf (Amendment) Act, 2025, shall file the details of the waqf and the property dedicated to the waqf on the portal and database, within a period of six months from such commencement: अर्थात इस अधिनियम के तहत पंजीकृत प्रत्येक वक्फ, जो वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रारंभ से पहले पंजीकृत है, उस वक्फ और वक्फ को समर्पित संपत्ति का विवरण पोर्टल और डेटाबेस पर, ऐसी प्रारंभ से छह महीनों की अवधि के भीतर, जमा करेगा।
2. उक्त धारा के अनुसार समस्त वक्फ प्रबन्धन/मुतवल्ली द्वारा अपने से सम्बन्धित वक्फ बोर्ड में पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों की सूचनाएँ/अभिलेख/विवरण भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये केन्द्रीय वक्फ पोर्टल (UMEED) पर दर्ज किया जाना अनिवार्य है।
3. भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये केन्द्रीय वक्फ पोर्टल (UMEED) पर वक्फ की सूचनाऐ/अभिलेख/विवरण दर्ज करने के संबंध में उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड द्वारा समस्त वक्फ प्रबन्धन को माह जुलाई 2025 के अन्तिम सप्ताह में (हैण्ड्सऑन) जिसमे समस्त वक्फ प्रबन्धन को कम्पयूटर पर सूचनाऐ दर्ज कराने हेतु प्रशिक्षण प्रदान कराया गया था, और समय-2 पर दिशा-निर्देश समाचार पत्र एवं व्हॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी जारी किये गये थे।
4. समस्त वक्फ प्रबन्धन को अवगत कराना है कि जिन वक्फ प्रबन्धन द्वारा अपने वक्फ से सम्बन्धित सचनाऐं/अभिलेख/विवरण केन्द्रीय वक्फ पोर्टल (UMEED) पर दर्ज नहीं की गई है उनके विरूद्र वक्फ अधिनियम की धारा 61 के अनुसार 6 माह तक की सजा एवं रू0 1.00 लाख तक का जुर्माना किया जा सकता है।
5. समस्त पंजीकृत औकाफ के वक्फ प्रबन्धन जिनके द्वारा आतिथि तक अपने वक्फ प्रबन्धन से सम्बन्धित वक्फ सम्पत्तियों की सूचनाऐं/अभिलेख/विवरण भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये केन्द्रीय वक्फ पोर्टल (UMEED) पर दर्ज नहीं की गई है, जो कि आपका दायित्व था, उन सभी औकाफों के वक्फ प्रबन्धन/मुतवल्ली/प्रशासक को निर्देशित किया जाता है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन से 30 दिवस के भीतर वक्फ सम्बन्धी सूचनाऐं/अभिलेख/विवरण केन्द्रीय वक्फ पोर्टल (UMEED) पर दर्ज कर उसकी सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति में समस्त के विरूद्व विधि अनुरूप कार्यवाही पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी।

**नोट :- औकाफ की सूचनाऐं पोर्टल में दर्ज कराने के संबंध में यदि किसी भी प्रकार का संदेह/कठिनाई है तो सम्बन्धित वक्फ प्रबन्धन किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय, उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक कल्याण भवन, शहीद भगत सिंह कॉलोनी अधोईवाला देहरादून में सम्पर्क कर सकते है, और वक्फ निरीक्षक श्री मौहम्मद अली मोबाईल संख्या 9012345786 पर भी व्हॉट्सएप के माध्यम/वार्ता कर, जानकारी प्राप्त कर सकते है।**

**( गिरधारी सिंह रावत )**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी**
दूरभाष नं०:-0135-2632251 फैक्स सं. 0135-2632039, E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक:- 363(I)/ अधि.अधि./2026-27 दिनांक : 12.05.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारों पालिका निधि से निम्न कार्य हेतु दिनांक 29.05.26 को सांय 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदा/कोटेशन आमन्त्रित की जाती है। निविदा/कोटेशन प्रपत्र दिनांक 28.05.26 को दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शूल्क पर क्रय किये जा सकते है। निविदा/कोटेशन के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि एफ.डी.आर./सी.डी.आर. जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। निविदायें/कोटेशन दिनांक 30.05.26 को सांय 4:00 बजे उपस्थित निविदा/कोटेशन दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद मसूरी के पास किसी भी निविदा/कोटेशन को स्वीकार अथवा निरस्त एंव स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | वार्ड सं. | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं. 01 | न्यु भटटा मुकेश के घर के समीप नाले की मरम्मत का कार्य। | 22,63,000.00 | 45,260.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड सं. 02 | सनातन धर्म मन्दिर के पीछे नाले की मरम्मत का कार्य। | 23,90,000.00 | 47,800.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड सं. 02 | भटट् की दुकान के समीप नाले की मरम्मत का कार्य। | 14,85,000.00 | 29,700.00 | 1,500.00 | 2 माह |
| 4 | वार्ड सं. 03 | चामुण्डा मन्दिर की ओर सी.सी. सड्क का कार्य। | 24,70,000.00 | 49,400.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड सं. 04 | टिहरी बस स्टैण्ड मे नाले की मरम्मत का कार्य। | 23,94,000.00 | 47,880.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड सं. 04 | लण्डौर वुड हाउस क समीप नाला मरम्मत का तथा सी.सी. का कार्य। | 24,65,000.00 | 49,300.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 7 | वार्ड सं. 07 | सराय में आपदा से क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का शेष भाग का कार्य। | 8,90,000.00 | 17,800.00 | 1,000.00 | 2 माह |
| 8 | वार्ड सं. 08 | हैम्पटन कोर्ट रोड का मरम्मत कार्य। | 24,60,000.00 | 49,200.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 9 | वार्ड सं. 09 | मुरारी के घर पर नाले की मरम्मत का कार्य। | 24,55,000.00 | 49,100.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 10 | वार्ड सं. 09 | प्रीतम होटल से मैकेन्न पम्प तक रेलिंग का कार्य। | 24,60,000.00 | 49,200.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 11 | वार्ड सं. 11 | भिलाडु में नाले की मरम्मत का कार्य। Job-I | 23,50,000.00 | 47,000.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 12 | वार्ड सं. 11 | इन्द्रा कालोनी में नाले की मरम्मत का कार्य। | 22,90,000.00 | 45,800.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 13 | वार्ड सं. 11 | इन्द्रा कालोनी बैण्ड से प्रेम के घर तक पानी की लाईन का कार्य। | 7,80,000.00 | 15,600.00 | 1000.00 | 2 माह |
| 14 | वार्ड सं. 12 | सन्तुरा देवी की सी०सी० सडक का कार्य। Job-I | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 1,500.00 | 2 माह |
| 15 | वार्ड सं. 12 | महिपाल भवन के समीप व बी०टी०सी० गेट देवदार रोड पर प्लम का कार्य। | 9,22,000.00 | 18,440.00 | 1,000.00 | 2 माह |
| 16 | वार्ड सं.12 | वाईल्ड फ्लावर से सन्तुरा माता मन्दिर तक सी.सी./सुरक्षा दीवार/प्लम का कार्य। Job-I | 24,60,000.00 | 49,200.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 17 | वार्ड सं. 13 | चण्डालगढ़ी से अलवर्ड लॉज तक सी.सी. कार्य। | 22,40,000.00 | 44,800.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 18 | वार्ड सं. 6,8 | नगर पालिका कार्यालय की छत, निर्माण अनुभाग के समीप शौचालय, माउन्ट रोज में रेलिंग, मलवा उठाने तथा दुकान का कार्य। | 10,80,000.00 | 21,600.00 | 1,500.00 | 2 माह |
| 19 | वार्ड सं. 12 | हैप्पी वैली मन्दिर में टाइल्स तथा सैन्ट मैरी के नीचे आवसों में टाइल्स व पालिका क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानो पर पाईप लगाने का कार्य। | 21,90,000.00 | 43,800.00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 20 | वार्ड सं. 13 | हरियाणा हाउस खुराना स्टेट की ओर जाने वाली सी.सी. सडक का कार्य। | 24,70,000.00 | 49,400,00 | 2,000.00 | 2 माह |
| 21 | वार्ड सं. 6,7 | पिक्चर पैलेस से घंटाघर तक पैच वर्क का कार्य। | 3,80,000,00 | 7,600.00 | 500.00 | 2 माह |
| 22 | वार्ड सं. 8 | गनहिल में शौचालय का सैप्टीक टेक/स्टोर/रास्तेव रंलिग की मरम्मत का कार्य। | 6,20,000.00 | 12,400.00 | 1,000.00 | 2 माह |
| 23 | वार्ड सं. 12 | देवदार रोड मरे पम्प की आरे जाने वाली सडक पर नाला एंव कंकर वैली रोड पर नाला/सी.सी. का कार्य। | 11,00,000.00 | 22,000.00 | 1,500.00 | 2 माह |
| 24 | वार्ड सं. 7 | स्टावरी बैक में सार्व. शौ. तथा कर्मचारियों के आवासों में शौचालय का कार्य। | 1450000.00 | 29000.00 | 1500.00 | 2 माह |

**नोट:**- 1. निविदा प्रपत्र क्रय करने से पूर्व 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करने पर ही निविदा जारी किये जायेगें।
2. व्यापार कर अतिरिक्त।
3. काली सूची में दर्ज न होने का शपथ पत्र धनराशि रू0 10.00 का जनरल स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है।
4. धनराशि रु. 100-00 का स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैधता हेतु रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी**

# गौरीकुंड में प्रशासन सख्त: जोखिम भरे नदी तटों से हटाए श्रद्धालु

■ महिला-पुरुषों के लिए अलग स्नान सुविधा और चेंजिंग रूम उपलब्ध
■ प्रशासन ने जारी की सुरक्षा एवं स्वच्छता की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन लगातार यात्रा मार्ग पर निगरानी बनाए हुए हैं। इसी क्रम में गौरीकुंड क्षेत्र में मंदाकिनी नदी के किनारे बने जोखिमपूर्ण एवं असुरक्षित स्थानों पर स्नान कर रहे यात्रियों को प्रशासन द्वारा तत्काल वहां से हटाया गया तथा उन्हें केवल निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करने के लिए जागरूक किया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि तेज बहाव वाली नदी, गहरे जल क्षेत्र एवं प्रतिबंधित स्थानों पर स्नान करना जानलेवा साबित हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक टीमें लगातार नदी तटों और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी कर रही हैं।

इसके साथ ही प्रशासन ने श्रद्धालुओं से पवित्र मंदाकिनी नदी की स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि नदी में प्लास्टिक, बोतलें, कूड़ा-कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें और धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग करें।

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षित स्नान व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गौरीकुंड स्थित तप्त कुंड को विशेष रूप से व्यवस्थित किया गया है। यहां महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पृथक स्नान व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु चेंजिंग रूम भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं श्रद्धालु हितैषी बनाने में जुटे हुए हैं। प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपनी सजगता एवं सहयोग से यात्रा को सुरक्षित एवं सफल बनाने में भागीदारी निभाएं।

## जनगणना कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही:एडीएम

**नई टिहरी:** अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में जनगणना कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी (ईओ) उपस्थित रहे। बैठक में 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संचालित होने वाली भवन गणना एवं सूचीकरण (एचएलबी) कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कुल 2184 एचएलबी निर्धारित हैं, जिनमें से 824 में कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा 204 एचएलबी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 156 गांवों के एचएलबी में अब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कल तक सभी गांवों में कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

## छात्र-छात्राओं को दिलाई एबीवीपी की सदस्यता



**नई टिहरी:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंबा नगर इकाई मंत्री राजन सजवाण ने विद्यालयों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अधिक से अधिक छाघ्त्रों को विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलाई गई।

अखिल भारती विद्यार्थी परिषद की ओर से पूरे उत्तराखंड में सदस्यता अभियान चलाकर विद्यार्थी परिषद स्कूलों में जाकर अपनी विचारों को रखते हुए छात्रों को विद्यार्थी परिषद की रीति-नीति से अवगत करा रहे है साथ ही सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। राजन सजवाण ने स्कूली छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जागेगा देश बढेगा एवं बन्धे मात्रम के साथ कहा कि विद्यार्थी परिषद साल के तीन सौ पैंसठ दिन छात्र हितों,समाज हितों,एवं राष्ट्र प्रथम भाव से कार्य करता है। आज छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से प्रभावित होकर भारी संख्या में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान संगठन के पूर्व अध्यक्ष आदित्य रतूड़ी, यशपाल पंवार, राजन सजवाण, आशीष राणा अध्यक्ष, मृदुल, नवनीत उनियाल, प्रेम थापा, आर्यन गुसांई, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# टिहरी बांध प्रभावितों का धरना 15 वें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर चल रहा क्रमिक अनशन मंगलवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। अभी तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने से आंदोनकारियों ने रोष जताया।

आंदोलनकारियों का टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी जिले के विकास कार्यों में खर्च करने, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन जारी है।आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसके चलते उन्हें क्रमिक अनशन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनके अधिकारों और हक की लड़ाई है। लंबे समय से आंदोलन करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान निकालने की मांग की। धरना स्थल पर सागर भंडारी, देवांक चमोली, बबली देवी आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ मार्ग पर फर्जी पुलिस एस्कॉर्ट व शराबी चालक के वाहन सीज

■ नियम तोड़ने वालों पर रुद्रप्रयाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाए रखने के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतर चुकी है। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर के निर्देशन में यात्रा मार्ग पर लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोनप्रयाग पुलिस ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दो वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान हरियाणा नंबर की एक स्कॉर्पियो (एचआर 26 एफआर 8474) को रोका गया। वाहन पर अवैध रूप से पुलिस की नीली-लाल बत्ती, हूटर तथा 'एस्कॉर्ट' के साथ पुलिस का चिन्ह लगाया गया था। जांच में सामने आया कि चालक टोल टैक्स से बचने और आम यात्रियों पर रौब जमाने के उद्देश्य से पुलिस पहचान का दुरुपयोग कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत ने तत्काल वाहन को सीज करने की कार्रवाई की।

वहीं दूसरी कार्रवाई में राजस्थान नंबर की स्विफ्ट कार (आरजे 44 सीए 9337) के चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। एल्कोमीटर जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने पहाड़ी और संवेदनशील यात्रा मार्ग पर यात्रियों की जान जोखिम में डालने के आरोप में वाहन को मौके पर सीज कर दिया।

रुद्रप्रयाग पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़, यातायात नियमों का उल्लंघन और पुलिस अधिकारों का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यात्रा मार्ग पर लगातार चेकिंग, निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि बाबा केदार के दर्शन को आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और निर्बाध बनी रहे।

## एक नजर .......

### हाईटेक तकनीकी से होगा रामलीला का मंचन

**नई टिहरी:** नई टिहरी में रामलीला का मंचन 20 मई से शुरू होगा। रामलीला को भव्य बनाने के लिए इसमें हाईटेक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए समति इसकी तैयारियों में जुटी है। वहीं रामलीला को लेकर नई टिहरीवासियों में उत्साह बना हुआ है।

मास्टर प्लान नई टिहरी में इस बार 20 मई से रामलीला शुरू होगी। इसके लिए इन दिनों बौराडी स्टेडियम में स्थित रामलीला मंच में इन दिनों रिहर्सल चल रहा है। मेला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल व सचिव अमित पंत ने बताया कि रामलीला को लेकर नगरवासी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को रामलीला स्थल तक आने व घर छोडने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही है जिससे अधिक से अधिक लोग रामलीला देखने पहुंच सके। रामलीला को भव्य व आकर्षण बनाने के लिए हाईटेक तकनीकी का का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बौराडी स्टेडियम में मंच बनाने का कार्य भी शुरू हो गया है और जल्द ही मंच बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा शहर व आस-पास के क्षेत्रों में जनसंपर्क चलाने के साथ ही प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। पंडाल को वाटरप्रूपफ बनाया जा रहा है ताक वर्षा होने पर लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के प्रबुद्व लोगों का भी इसमें सहयोग मिल रहा है।

# नाबालिग प्रेमी के घर पहुंची बालिग युवती, शादी की जिद से मचा हड़कंप

■ चाइल्ड हेल्पलाइन और प्रशासन की काउंस. लिंग के बाद शांत हुआ मामला, सुरक्षित घर भेजी गई युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में सामने आए एक अनोखे प्रेम प्रसंग ने प्रशासन, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों को हैरानी में डाल दिया। यहां एक 20 वर्षीय बालिग युवती अपने 19 वर्षीय नाबालिग प्रेमी के घर पहुंच गई और उससे शादी करने की जिद पर अड़ गई। मामला बढ़ता देख लड़के के परिवार वालों के हाथ-पांव फूल गए और उन्होंने तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, टिहरी गढ़वाल निवासी युवती घर छोड़कर सीधे अपने प्रेमी के घर पहुंची थी। युवती ने साफ तौर पर कह दिया कि वह अब वापस नहीं जाएगी और अपने प्रेमी से ही विवाह करेगी। लेकिन लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होने के कारण परिवार वालों को कानूनी कार्रवाई का डर सताने लगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में जिले में बाल विवाह रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बीच इस घटना को गंभीरता से लिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र के निर्देश पर संयुक्त काउंसलिंग टीम गठित की गई, जिसमें वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति और चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य शामिल रहे।

काउंसलिंग के दौरान युवती को समझाया गया कि उसका यह कदम नाबालिग लड़के के भविष्य और परिवार दोनों के लिए कानूनी परेशानी खड़ी कर सकता है।बताया गया कि 21 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले विवाह करना कानूनन मान्य नहीं है और ऐसी स्थिति में परिवार भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकता है। बाद में युवती के परिजनों से दूरभाष पर संपर्क किया गया। परि. जनों ने आश्वासन दिया कि घर लौटने पर युवती के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा। दोनों परिवारों के बीच सहमति बनने के बाद युवती को सुरक्षित उसके घर भेज दिया गया।

**पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला**

**रूद्रप्रयाग।** गौरतलब है कि पिछले वर्ष बसुकेदार क्षेत्र में भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जब एक नाबालिग युवक अपनी बालिग प्रेमिका के घर पहुंच गया था और शादी की तैयारी शुरू हो गई थी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से उस समय भी विवाह रुकवाया गया था।

**बदलते सामाजिक हालात पर उठे सवाल**

**रूद्रप्रयाग।** समाजशास्त्रियों का मानना है कि परिवारों के साथ संवाद की कमी, सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव और युवाओं में भावनात्मक फैसलों की बढ़ती प्रवृत्ति ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही है। पहाड़ों में भी अब सामा. जिक और पारिवारिक रिश्तों की पारंपरिक तस्वीर तेजी से बदलती नजर आ रही है।

## 15 मई तक पूर्ण करें डिजिटल क्रॉप सर्वे: एडीएम

**नई टिहरी:** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रगति की समीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई।

एग्रीस्टैक भारत सरकार की एक डिजिटल कृषि पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना और कृषि सेवाओं को तकनीक के माध्यम से सरल एवं पारदर्शी बनाना है। बैठक में बताया गया कि जनपद में अंश निर्धारण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जिसपर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

अपर जिलाधिकारी ने पीएम किसान योजना के लाभार्थियों सहित सभी किसानों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले कैंपों का लाभ उठाएं अथवा संबंधित पटवारी से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे की भी समीक्षा की गई, अवगत कराया कि सर्वे के दौरान खेतों पर जाकर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लैट-लॉन्ग सहित खाद, बीज, रबी एवं खरीफ फसलों की जानकारी अपलोड की जानी है। यह कार्य 15 मई तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है, जबकि वर्तमान में जनपद में केवल 34 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे की धीमी प्रगति पर अपरजिलाधिकारी ने नारा. जगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को 15 मई तक हर हाल में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

## जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनाई ने कुट्ठा गांव में सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** पूर्व मंत्री दिनेश सिंह धनाई का गांवों में जन संवाद कार्यक्रम जारी है। जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मंत्री ने सारजूला पट्टी के ग्राम पंचायत कुठा में क्षेत्रवासियों की समस्याओं, सुझावों एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेरा आपके बीच सरकार की जनकल्याण विकास परक योजना को जनता के बीच रखकर आम लोगों तक पहुंचाने का उद्देश्य भी प्रमुख है। प्रधान भूपेंद्र सिंह रावत ने कुठा रोड़ का डामरीकरण, कुठा से कोटी तक सड़क मार्ग का मुद्दा प्रमखता से रखा। इस अवसर पर पंचायत भवन कुठा का लोकार्पण भी किया। बैठक में कुलदीप रावत, लक्ष्मी रावत, वीना रावत, लक्ष्मी देवी, शीशपाल सिंह नेगी, अध्यक्ष युवक मंगल दल धीरज रावत, अध्यक्ष महिला मंगल दल रूकमा रावत, उपाध्यक्ष मंदिर समिति मकान सिंह रावत, जसपाल रावत, चतर सिंह रावत, पूर्व प्रधान सुंदर सिंह रावत, जयेन्द्र रावत, पूर्व अध्यापक मुकुंद सिंह चौहान, रणबीर सिंह, चंदन सिंह रावत, बालम सिंह रावत, शूरवीर सिंह, जगदीश सिंह, उत्तम सिंह रावत, मदन लाल, जोत सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस सम्मेलन को बताया विफल

नई टिहरी: भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय रावत ने गत दिवस बौराड़ी में संपन्न हुए कांग्रेस जिला सम्मेलन को विफल बताया।

कहा कि कांग्रेस ने जिलस्तरीय सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के आने का दावा किया था। लेकिन कांग्रेस का यह दावा खोखला निकाला। कांग्रेस संख्या बल तक सम्मेलन के लिए नहीं जुटा पाई। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिसका परिणाम है कि हर व्यक्ति भाजपा से जुड रहा है। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि कांग्रेस को कार्यकर्ता ढूंढकर भी नहीं मिल रहे हैं। 2027 के विधानसभा में भाजपा टिहरी जिले के सभी 6 सीटों को प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय को जिलाधिकारी की बड़ी सौगात



■ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को 2.71 लाख की धनराशि स्वीकृत ■ रीडिंग रूम और पुस्तकालय के लिए भेजी किताबों की सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**त्यूणी।** उत्तराखंड के दुर्गम जौनसार-बावर क्षेत्र स्थित पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने एक बार फिर बड़ी सौगात देकर छात्रों का दिल जीत लिया है। छात्र नेता गोविंद शर्मा के अनुरोध पर जिलाधिकारी देहरादून द्वारा महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकों की व्यवस्था के लिए 2,71,755 की धनराशि स्वीकृत की गई, जिसका चेक महाविद्यालय प्राचार्य को सौंप दिया गया।

यह सौगात केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने वाला कदम माना जा रहा है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में इस घोषणा के बाद भारी उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने कहा कि अब उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और महाविद्यालय के रीडिंग रूम एवं पुस्तकालय में ही बेहतर अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

छात्र नेता गोविंद शर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दी गई यह सौगात क्षेत्र के हजारों युवाओं के सपनों को नई ताकत देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि "जब प्रशासन छात्रों की समस्याओं को समझकर उनके भविष्य के लिए काम करता है, तो शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन संभव होता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने जिलाधिकारी सविन बंसल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय अध्यापक रश्मि नौटियाल, सचिन शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष निहारिका चौहान, महासं. चव मल्लिका ठाकुर सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पांडुलिपियां भारत की अतुलनीय सभ्यतागत धारोहर: डा. अनुपम

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल 'ज्ञानभारतम् मिशन' के अंतर्गत 'पांडुलिपियों का निवारण एवं संरक्षण' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार में किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य भारत की विशाल एवं अमूल्य पांडुलिपि विरासत का संरक्षण, दस्तावेजीकरण तथा डिजिटलीकरण करना है, ताकि यह प्राचीन ज्ञान-संपदा भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

कार्यशाला का आयोजन पांडुलिपि संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा संरक्षण एवं भंडारण संबंधी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत शॉल, माला एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया। स्वागत उद्बोधन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन की अनुसंधाान प्रमुख डा. वेदप्रिया आर्या ने दिया।

पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के उपाधयक्ष डा. अनुपम श्रीवास्तव ने फ्लोरा'की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह किसी विशेष क्षेत्र अथवा कालखंड में पाए जाने वाले पौधों का व्यवस्थित वैज्ञानिक विवरण होता है, जो पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जाता है। इस प्रकार का वैज्ञानिक दस्तावेज जैव विविधाता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के उप निदेशक डा. राम स्वरूप किसान ने कहा कि पांडुलिपियां हस्तलिखित अभिलेख हैं, जो मानव गतिविधियों एवं ऐतिहासिक घटनाओं के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करती हैं। इनमें विविध लिपियां, भाषाएँ, विषय-वस्तु, कलात्मक संरचनाएँ, अलंकरण एवं चित्रंकन पाए जाते हैं। पांडुलिपियाँ ताड़पत्र, भोजपत्र, ताम्रपत्र, सुवर्णपत्र तथा पत्थर पर लेखन जैसी विभिन्न स्वरूपों में उपलब्धा हैं। उन्होंने बताया कि भारत एवं विश्व के अनेक संग्रहालयों तथा पुस्तकालयों में ताड़ एवं भोजपत्रें पर अंकित सैकड़ों वर्ष पुरानी पांडुलिपियाँ संरक्षित हैं। वर्तमान समय में यह अमूल्य धारोहर अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है, इसलिए 'राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन' संस्थागत एवं निजी संग्रहों में सुरक्षित पांडुलिपियों के संरक्षण एवं संवर्धान हेतु सतत कार्य कर रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु रासायनिक एवं पारंपरिक दोनों उपाय अपनाए जाते हैं। इन्हें नमी, धूल, धूप एवं कीटों से बचाने के लिए एसिड-फ्री बक्सों में सुरक्षित रखा जाता है तथा तापमान एवं आर्द्रता का संतुलन बनाए रखा जाता है। आग, बाढ़ एवं भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा हेतु विशेष भंडारण एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक है।

'ज्ञान भारतम् मिशन' के परियोजना निदेशक प्रो. अनिर्बान दास ने कहा कि भाषा, लिपि एवं विषय-वस्तु-इन तीनों आयामों के संरक्षण एवं संवर्धन पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। अब तक लगभग 75 लाख पांडुलिपियों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत भाषा-विज्ञान, सर्वेक्षण, अनुसंधाान एवं प्रकाशन, डिजिटलीकरण तथा स्वरूप-विश्लेषण जैसे पाँच प्रमुख क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री पांडुलिपियों को भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, संस्कृति एवं सभ्यता की अमूल्य धारोहर मानते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लगभग 200 पांडुलिपियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक से सहसंब) किया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षणसे जुड़े चंद मोहन जोशी ने 'अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता' का उल्लेख करते हुए बताया कि यह महायान बौद्ध धर्म का अत्यंत प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जिसका अर्थ 'आठ हजार पंक्तियों में ज्ञान की पूर्णता' है। यह ग्रंथ बोधिसत्व मार्ग, शून्यता एवं निर्वाण की अवधारणा को स्पष्ट करता है तथा इसे 'बुद्धमाता' भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण हेतु 'ज्ञानभारतम् मिशन' संचालित कर रही है। इन्टेक संरक्षण संस्थान, लखनऊ की पूर्व निदेशक एवं कला संरक्षक डा. ममता मिश्रा ने कहा कि पारंपरिक विरासत का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक पहचान, इतिहास एवं मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राचीन स्मारकों के संरक्षण में पारंपरिक सामग्रियों एवं कौशल का आधुनिक तकनीक के साथ समन्वित उपयोग किया जाना चाहिए। डा. वेदप्रिया आर्या ने कहा कि ये ऐसे तत्व हैं, जो किसी समाज की पहचान, इतिहास एवं भविष्य को परस्पर जोड़ते हैं। पतंजलि अपने विजन एवं मिशन के साथ सांस्कृतिक धारोहर संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# GT ने SRH को 169 रन का टारगेट दिया

■ **साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए, वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली, प्रफुल और साकिब ने 2-2 विकेट लिए**




**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आाईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 169 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर में 10 रन जोड़कर 5 विकेट पर 168 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। साकिब हुसैन की आफ-पेस गेंद पर सुंदर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में ऊंची चली गई। विकेटकीपर ईशान किशन ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को 168 रन तक पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और सुंदर ने पारी संभाली। सुदर्शन ने 61 रन की अहम पारी खेली। सुंदर ने 33 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 19वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन बटोरे। उन्होंने ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाया।

सुंदर ने लगभग यार्कर गेंद को फाइन लेग के ऊपर से लैप कर चौका बटोरा, जबकि आखिरी गेंद पर दमदार सिक्स जड़ दिया। इससे पहले उन्होंने शार्ट गेंद पर पुल शाट खेलकर भी बाउंड्री हासिल की। इस ओवर के बाद गुजरात टाइटंस का स्कोर 19 ओवर में 158/4 पहुंच गया। प्रफुल हिंगे ने 18वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 7 रन दिए। उन्होंने जेसन होल्डर और वाशिंगटन सुंदर को बड़े शाट खेलने का मौका नहीं दिया। हिंगे ने लगातार यार्कर और हार्ड लेंथ गेंदों से बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सुंदर ने जरूर पाइंट के जरिए चौका निकाला, लेकिन बाकी गेंदों पर गुजरात खुलकर रन नहीं बना सका। 18 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 140/4 पहुंचा। 17वें ओवर में साई सुदर्शन तेज रन बनाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। साकिब हुसैन की यार्कर गेंद पर उन्होंने रिवर्स लैप खेलने की कोशिश की, लेकिन सही पोजिशन में नहीं आ सके।

गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और शार्ट थर्ड पर खड़े प्रफुल हिंगे के हाथों में चली गई। हिंगे ने थोड़ा असहज अंदाज में कैच जरूर पकड़ा, लेकिन मौका नहीं गंवाया। सुदर्शन 44 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुदर्शन आईपीएल 2026 में 500 रन बनाने वाले पहले बैटर बने। उन्होंने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। 14वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया।

# अक्षर पटेल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शो रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।

### खेल विशेष

## शबनीम इस्माइल ने रिटायरमेंट बदला

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है। 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी-20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं। लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिजैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेट कीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज से बाहर हो गई थीं। कायला रेनेके को एक मजबूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल-अप मिला।

## मैं सौ प्रतिशत गेंदबाज और सौ प्रतिशत बल्लेबाज हूं: माधव

**धर्मशाला, वार्ता।** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ की बची-खुची उम्मीदों को जदिा रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि जरूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें। दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया। उस मैच में तिवारी ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया और मैं खुशकिस्मित हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया।

## ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का निधन

**सिडनी, वार्ता।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह यूएस चैंपियनशिप (जिसे अब यूएस ओपन कहा जाता है) जीतने वाले पहले गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे। एंडरसन ऑस्ट्रेलिया के युद्ध के बाद के स्वर्णिम युग का हिस्सा थे, उन्होंने 1957 में यूएस चैंपियनशिप का एकल खिताब और तीन प्रमुख युगल खिताब जीते थे। उन्होंने 1957 और 1973 में ऑस्ट्रेलिया को डेविस कप जिताने में भी मदद की थी।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार सं. हता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों। टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आरसीबी ने इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को आईपीएल 2026 के 54वें मुक. ाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी RCB



**रायपुर, वार्ता।** प्लेऑफ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविय तय कर सकती है। डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुक. ाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ए दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दांव पर सिर्फ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दांव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीजन एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं, उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है, वह क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी जरूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाजी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताजा कर दी है।

# ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को बेहद जरूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें जदिा रहीं।

हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे। लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177-98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं। मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से है, इसलिए राहुल की यह पोजशिन सुरक्षित नहीं है। अभिोक शर्मा (475) और उनके सबसे पुराने व अच्छे दोस्त शुभमन गिल (462) उनके बेहद करीब हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 11 पारियों में 157-32 के स्ट्राइक रेट से 494 रन बनाकर शीर्ा पर हैं। उनके पास भी अपनी बढ़त को और मजबूत करने का मौका है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड 2016 और 2017 में लगातार दो बार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने साफ कर दिया है।

# गेंदबाजी और फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया: श्रेयस अय्यर




**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाजी और फील्डिग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाजी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाजों के दो कैच छोड़े। वे इस सीजन में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं।

अय्यर ने कहा, मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फील्डिग और गेंदबाजी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज्यादा बनाए थे। जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबा. जी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहा: उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहाना नहीं देना चाहता इसलिए यह कहूंगा कि फील्डिग और गेंदबाजी एक बार फिर हार का कारण रही। स्कोर बहुत अच्छा था और मुझे लगा कि हमने 30 रन अधिक बनाए थे क्योंकि परिस्थितियां कठिन थी और गेंद सीम कर रही थी।

चहल से गेंदबाजी कराना मन में था लेकिन जिस तरह से गेंद सीम कर रही थी और मूव कर रही थी उसे देखते हुए मैंने तेज गेंदबा. जों से गेंदबाजी कराने का फैसला किया लेकिन हम विकेट हासिल नहीं कर पाए। दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 का लक्ष्य भी था। पावरप्ले में ही दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवा दिए थे और ट्रिस्टन स्टब्स दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट भी हो गए थे।

# नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी

■ **सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में डेब्यू की तैयारी में**



**रोम, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिठित एथलेटिक्स सीरीज के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है।

उन्हें आखिरी बार सितम्बर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशा. जनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे। नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नजरें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वीर्य सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86-27मी के अपने सर्वश्रेठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमे. रिका के कर्टिस थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ा खिलाड़ी हैं भी इस मुकाबले में शामिल होंगे। सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीजन पहले ही शुरू कर दिया है।

# यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरो. पियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोाित किया गया है।

यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी -मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है।

द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्ाित कर गई, वह इसका बड़ा विजन था। इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मजबूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौका है। डबलिन में पहले से ही क्रिकेट को लेकर जुनूनी समुदाय है और यहां विकास की काफी संभावनाएं हैं। अगली पीढ़ी को तैयार करना हमेशा मेरे लिए अहम रहा है और मुझे लगता है कि ईटीपीएल इस सफर में अहम भूमिका निभा सकती है। बॉलीवुड स्टार अभिोक बच्चन की सह-मालिकाना वाली इस लीग में कई पूर्व और मौजूदा अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों की टीमें शामिल हैं, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल (आयरिश वुल्व्स के सहमालिक), स्टीव वॉ (एम्स्टर्डम फ्लेम्स के सहमा. लिक), नेथन मैकुलम -काइल मिल्स (एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स के मालिक), क्रिस गेल (ग्लासगो कॉस्मिक के सहमालिक) और जोंटी रोड्स-फाफ डु प्लेसी-हेनरिक क्लासेन (रोटर्डम डॉकर्स के मालिक) प्रमुख नाम हैं। डु प्लेसी और मैक्सवेल तो इस लीग में खेलते भी नजर आएंगे।

### बिना किसी तथ्य, शिकायत के उनके नाम का इस्तेमाल कर छवि धूमिल करने के प्रयास पर

# लक्सर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**❖शहजाद विधाायक ने रीतू खंडूरी से डीईओ बेसिक के खिलाफ की कार्रवाई की मांग**

**❖जिला शिक्षाधिकारी अमित चन्द के कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम से मदरसों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी खबरें प्रकाशित करवाए जाने पर कड़ी नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित चन्द द्वारा कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम से मदरसों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी खबरें प्रकाशित करवाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मंगलवार को विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी से मुलाकात कर विशेषाधिकार हनन का नोटिस सौंपा। विधायक का आरोप है कि बिना किसी तथ्य और शिकायत के उनके नाम का इस्तेमाल कर उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

मोहम्मद शहजाद ने कहा कि उन्होंने कभी भी किसी मदरसे के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत नहीं की और न ही किसी अधिकारी को इस प्रकार के निर्देश दिए। इसके बावजूद कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम का उल्लेख कर सुनियोजित तरीके से भ्रम फैलाया गया। विधायक ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि एक राजनीतिक दल के नेता के साथ मिलकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया है।

विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को दिए नोटिस में मामले की



निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों के नाम का गलत इस्तेमाल कर झूठी खबरें प्रकाशित कराना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जनता के बीच भी गलत संदेश देती हैं। मोहम्मद शहजाद ने स्पष्ट किया कि वह शिक्षा और सामाजिक सौहार्द के पक्षधर हैं तथा किसी भी समुदाय विशेष को निशाना बनाने की राजनीति में विश्वास नहीं रखते। विधायक मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए नोटिस में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित चंद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि विधानसभा स्तर पर इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से हजारों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** साईबर ठगों ने एक महिला के खाते से एटीएम कार्ड बदलकर हजारों रुपए की रकम निकाल ली पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

कस्बा झबरेड़ा के मोहल्ला हरिजनान निवासी अजब सिंह लाठरदेवा हुण स्थित एक कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। 7 मई को व्यक्ति की सैलरी उसके खाते में आई थी व्यक्ति ने सैलरी खाते में आते ही सारी सैलरी अपनी पत्नी ललिता देवी के खाते में ट्रांसफर कर दी थी। 10 मई को व्यक्ति कस्बा झबरेड़ा स्थित पीएनबी बैंक शाखा भक्तोंवाली के एटीएम से घर के खर्चे के लिए पैसे निकालने गया तो पैसे नहीं निकले । उक्त के पीछे खड़े दो अनजान व्यक्तियों द्वारा व्यक्ति का एटीएम बदल दिया तथा वहां से चले गए कुछ देर बाद देखा तो व्यक्ति के खाते से 4000 एक बार तथा 10000 एक बार 14000 की रकम एटीएम बदलकर ठगी करने वालों द्वारा निकाल ली गई। व्यक्ति को ठगी होने का एहसास होने पर मामले की सूचना पुलिस को दी तथा मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि ठगी के मामले में तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर बैंक के सीसीटीवी कैमरे चेक किया जा रहे हैं जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### कलियर सीएचसी के पुराने भवन को निजी व्यक्ति को देने की चर्चा

# सभासदों ने सीएमओ से की कलियर नगर पंचायत की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर सीएचसी के पुराने भवन को सीएमओ को किसी निजी व्यक्ति को देने की चर्चाओं के बीच नगर पालिक पंचायत के सभासदों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उक्त भवन को कलियर नगर पंचायत देने की मांग करते हुए कहा कि अगर यह भवन किसी निजी व्यक्ति को दिया गया तो उसके लिए आंदोलन किया जाएगा क्योंकि यह सरकारी भवन है जिसे किसी भी निजी व्यक्ति को नहीं दिया सकता जबकि नगर पंचायत पर अभी अपना कार्यालय भी नहीं है इसलिए नगर पंचायत का इस भवन पर हक बनता है ना कि किसी निजी व्यक्ति का।

नगर पंचायत पिरान कलियर के सभासदों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिरान कलियर के पुराने भवन को नगर पंचायत कार्यालय एवं जनहित कार्यों के लिए उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी हरिद्वार को पत्र भेजकर पुराने भवन के कुछ हिस्सों को नगर पंचायत को आवंटित करने की मांग की गई है। सभासद अमजद मलिक, नाजिम त्यागी,मो राशिद,जाबिर, मेहरुबा,रेशमा ,दिलबाग,दानिश साबरी की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपने नए भवन में संचालित हो रहा है जिससे पुराना भवन या उसके कुछ कमरे खाली पड़े हैं। उन्होंने पत्र में बताया कि उक्त भवन के कुछ हिस्से को किसी निजी व्यक्ति को कार्य करने की अनुमति दिए जाने की जानकारी मिली है जबकि यह एक सरकारी भवन है।सभासदों ने मांग की कि यदि भवन खाली है तो वहां नगर पंचायत कार्यालय अथवा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय संचालित करने की अनुमति दी जाए। उनका कहना है कि नगर पंचायत का अपना भवन नही होने के कारण कार्यालय संचालन में दिक्कतें आ रही हैं और पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन की नगर पंचायत को आवश्यकता है।

### एसटीएफ, एएनटीएफ व मंगलौर कोतवाली पुलिस की साझा कार्रवाई

# नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा, 18 हजार प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर/लंढौरा।** एसटीएफ/एएनटीएफ व मंगलौर कोतवाली पुलिस की साझा टीम द्वारा सघन चैकिंग अभियान के दौरान 18,000 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए है। हालांकि कार्रवाई के दौरान तस्कर अपनी बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए पुलिस ने मौके से फरार दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सोमवार की शाम एसटीएफ/एएनटीएफ के निरीक्षक भवानी शंकर पंत को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो युवक दुपहिया वाहन पर नशीली दवाइयों की खेप लेकर लंढौरा क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। जिन्हें वह अपने साथी को देने आ रहें हैं। नशा तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर एसटीएफ/एएनटीएफ की टीम ने मंगलौर कोतवाली पुलिस के साथ रुड़की-लक्सर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया पुलिस को देख बाइक सवार दो युवकों ने अपनी बाइक आईटीआई कॉलेज की तरफ मोड़ दी। पुलिस ने जब उनका पिछा किया तो दोनों लोग अपनी बाइक छोड़ मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर हरीश सिंह ने बंद पेटी में रखी दवाइयों को प्रतिबंधित नशीली दवाई



होना बताया। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि एसटीएफ/एएनटीएफ व मंगलौर पुलिस की साझा कार्रवाई में 18,000 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल व फरार तस्करों की एक बाइक भी बरामद हुई है। जांच के दौरान फरार अभियुक्तों में से एक की पहचान फारुख पुत्र महमूद निवासी बहादराबाद जनपद हरिद्वार एवं उसके एक साथी के रूप में हुई है। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में एसटीएफ/एएनटीएफ के प्रभारी निरीक्षक भवानी शंकर पंत, उपनिरीक्षक दीपक मेठाणी, हेड कांस्टेबल देशराज, कास्टेबल प्रशांत चौहान व दीपक नेगी के अलावा मंगलौर कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक राम बहादुर कास्टेबल नरेश का अहम योगदान रहा।

# 6 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 6. 00 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है।

पकड़ा गया आरोपी शाहरुख पुत्र मंजूर हसन, निवासी ग्राम बसेड़ी, थाना लक्सर है। उसे लंढौरा चौकी प्रभारी उ0नि0 अशोक सिरसवाल की टीम ने मोटरसाइकिल से स्मैक ले जाते समय दबोचा। आरोपी के पास से एक बाइक भी बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन प्रहार में पुलिस लिंक रोड, गांव-कस्बों और हाईवे पर लगातार चेकिंग कर रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के सौदागरों पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है । पुलिस टीम उ0नि0 अशोक सिरसवाल, हे0कानि0 शूरबीर सिंह, कानि0 मनीष मिल रहे।

# लूट की फर्जी सूचना देने पर पुलिस ने तीन के खिलाफ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 112 पर पुलिस को लूट की झूठी सूचना देना भारी पड़ गया। पुलिस ने सूचना देने वालों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 172 बीएन एसएस के तहत की कार्यवाई की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर को सलीम पुत्र अलीहसन नि0 मौहल्ला खाताखेडी थाना मण्डी जिला सहारनपुर उ0प्र0 द्वारा डॉयल न0-112 पर सूचना दी गई की कुछ लोग मुझसे ग्राम खेड़ी शिकोहपुर से जबरदस्ती मेरी गाड़ी व गाड़ी में रखे करीब ढाई लाख रू0 छीनकर भाग गए है। सूचना एमडीटी के माध्यम से प्राप्त होने पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर व घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालते हुए अपराधियों की तलाश शुरू की जिसके पश्चात 01.नबीर पुत्र जमील 02. शौकिन पुत्र बाबू निवासीगण ग्राम मानक माजरा कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार 03. साहिब पुत्र आलीम निवासी डाडाजलालपुर कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा जबरदस्ती वाहन को अपने साथ लेकर जाना पाया गया। उपरोक्त तीनो व्यक्तियो को पूछताछ हेतु थाना लाया गया बाद पूछताछ के प्रकरण आपसी पैसो के लेन देने के सम्बन्ध में प्रकाश में आया। सूचना देने वाले ने एक प्लानिंग के तहत पुलिस को गुमराह करने की नीयत से पुलिस को झूठी सूचना दी गई थी जिस कारण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त तीनों व्यक्तियो के विरूद्व अन्तर्गत धारा 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

# लक्सर पुलिस ने दबोचे दो शातिर चोर, नकदी व जेवरात बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से करीब 2 लाख रुपये की कीमत का माल और नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने यह खुलासा घटना के महज 48 घंटों के भीतर मैनुअल और डिजिटल पुलिसिंग की मदद से किया। बीती 10 मई 2026 को सुल्तानपुर निवासी मेहरबान अली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह काम पर गए थे और परिवार बाहर था, तब अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर घर की अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर लिए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर लक्सर पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कीनशे और शौक के लिए करते थे चोरी



पुलिस गिरफ्त में आए अभियुक्तों की पहचान शौकीन उर्फ पौसा (25 वर्ष और साकिब उर्फ काला (21 वर्ष के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों नशे के आदी हैं और अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे वे काफी समय से रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दियाबरामदगी और पुलिस टीमअभियुक्तों के कब्जे से कुल 56,800 रुपये नकद सोने का लॉकेट चांदी की पायल और लौंग बरामद हुई हैं आरोपियों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है इस सफलता में एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी, व.उ.नि. नितिन चौहान अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल विनोद कुमार कांस्टेबल जगत सिंह सौवदीश कुमार और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही

# जहरीला पदार्थ खाने से एक की मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक द्वारा सोमवार देर शाम जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थिति में उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवार को एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया महिला को डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया। महिला की हालत खतरे से बात बताई गई है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक की सोमवार को जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का पता परिजनों को लगते ही परिजन युवक को डॉक्टर के यहां ले गए डॉक्टर द्वारा जांच करने पर उक्त को मृत घोषित कर दिया। युवक की मृत्यु का पता लगते ही युवक के घर में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक युवक का अंतिम क्रिया कर्म कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर सोमवार को एक महिला द्वारा परिजनों के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होने पर उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का परिजनों को पता लगता ही परिजन महिला को डॉक्टर के यहां ले गए डॉक्टर द्वारा इलाज करने पर उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है पुलिस द्वारा अपने तरीके से जांच की जा रही है।

# उपखण्ड अधिकारी ने ली मीटर रीडरों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** विद्युत उपभोक्ताओं को समय से और सटीक बिल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी द्वारा मीटर रीडरो की बैठक ली। मुख्य अभियंता के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित बैठक में मीटर रीडरों और सुपरवाइजरों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए गए।

मंगलवार को झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर विद्युत उपभोक्ताओं को समय से और सटीक बिल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी रिजवान अली ने बैठक ली। बैठक के दौरान एसडीओ ने बिलिंग प्रक्रिया में हो रही देरी और अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। एसडीओ ने उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निम्नलिखित कड़े निर्देश जारी किए हैं कि सभी मीटर रीडरों को निर्देशित किया गया है कि वे आगामी एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं का एक विस्तृत रजिस्टर तैयार करेंगे। प्रतिमाह की 22 तारीख तक हर हाल में शत-प्रतिशत बिलिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त समय मिल सके। जिन उपभोक्ताओं की बिजली खपत असामान्य रूप से कम पाई जाएगी, मीटर रीडरों को उसका स्पष्ट कारण विभाग को उपलब्ध कराना होगा। कम खपत वाले मीटरों की विभाग द्वारा औचक चेकिंग की जाएगी। यदि रीडिंग में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित मीटर रीडर और एजेंसी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री दिव्या का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण व अपनी स्वेच्छा से शादी अन्य जाति के व्यक्ति से करने के कारण मैंने दिव्या को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद दिव्या के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सुखपाल पुत्र इलमचंद नि. ग्राम रूहालकी दयालपुर, भगवानपुर हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इंतजार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी चांदी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने इंतजार व चांदी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
नफीस पत्नी स्व. असरफ नि. ग्राम करौन्दी, भगवानपुर हरिद्वार।

# एक वारंटी दबोचा

**रूडकी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत गंगनहर पुलिस ने 01वारन्टी को धर दबोचा है।

ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वारन्टो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 11.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा वारंटी बिट्टू उर्फ पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी बदाखेड़ी थाना कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को संबंधित वाद संख्या 1385 /2022 धारा 135 विद्युत अधिनियम में वारंटी को मस्कन से पकडा।

# 52 पाउच देशी शराब के साथ एक युवक पकडा

**रूडकी।** आँपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। इसी के तहत शराब के धंधे में संलिप्त 01 आरोपित को 52 पाउच देशी शराब के साथ धर दबोचा है। आँपरेशन प्रहार के तहत दुराचारियों/ गुण्डा अपराधियों /मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के कुशल नेतृव में दिनाँक 12/05/2026 को कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा शराब के धंधे में संलिप्त 01 आरोपित को देशी शराब के साथ पकडा गया। आरोपित के विरुद्ध कोतवाली रुड़की पर आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता आरोपित- दीप पुत्र सोम कुमार निवासी टोड़ा एहतमाल कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार।

# सोहेलपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण से लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर के सोहलपुर मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण और गलत तरीके से खड़ी रेडी-ठेली व वाहनों के कारण मंगलवार को जाम लग गया। जाम में फंसे रहने से साबिर पाक की जियारत को आने वाले जायरीन, स्कूली बच्चे और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोहलपुर रोड पर सड़क किनारे अस्थाई दुकानें, रेडी-ठेली और वाहन खड़े किए जाने से मार्ग संकरा हो गया है। इसके अलावा गेस्ट हाउसों में ठहरे जायरीनों के वाहनों की सड़क किनारे पार्किंग और मिट्टी से भरे डंपरों की आवाजाही के चलते स्थिति और गंभीर हो रही है। मंगलवार को भी सड़क पर जाम लग गया।जाम के कारण स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जबकि दरगाह साबिर पाक की जियारत के लिए आने वाले जायरीनों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोहलपुर मार्ग पर आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है, लेकिन पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत अधिकारियों से कई



बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि सोहलपुर मार्ग से अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली कराया जाए ताकि जायरीनों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### एसएसपी के नेतृत्व में मंगलौर पुलिस की बडी कार्रवाई

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय शातिर ठग दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/मंगलौर।** एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह के ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। एटीएम बदलकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य संजय, निवासी सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 12 एटीएम कार्ड और 10,700 रुपये नकद बरामद हुए। बताया गया है कि उक्त गिरोह यूपी उत्तराखण्ड के कई जिलों में लोगों को निशाना बना चुका है। पुलिस को यह कामयाबी करीब 356 सीसीटीवी खंगालकर कडी मेहनत के बाद मिली। आरोपी इंस्टाग्राम पर गैंग की प्लानिंग करते थे और गांव देहात की महिलाओं व बुजुर्गों को निशाना बनाते थे। उनकी चालाकी को पुलिस ने अपनी चालाकी से तोडकर आरोपियों को पकड लिया।

जानकारी के अनुसार मुण्डलाना निवासी एक महिला से 70 हजार की ठगी के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। कोतवाली प्रभारी भगवान महर के नेतृत्व में टीम ने हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में 356 सीसीटीवी खंगाले। सोमवार कि देर शाम मुखबिर की सूचना पर संजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह रविवार को बुजुर्गों-महिलाओं को निशाना




बनाता था । मदद के बहाने कार्ड बदल लेते थे। पकड़े जाने से बचने को इंस्टाग्राम पर प्लानिंग करते और दूसरे नाम की सिम इस्तेमाल करते थे। आरोपी संजय पर सहारनपुर में धोखाधड़ी-चोरी के 8 से ज्यादा केस दर्ज हैं। अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। टीम में निरीक्षक भगवान महर, उपनिरीक्षक नितिन विष्ट, हे.का. अमित शर्मा, का. उत्तम, रणवीर, विनोद व सीआईयू के महिपाल शामिल रहे।

# फिर पेपर लीक

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक के पुख्ता सबूत मिलने के बाद 12 मई 2026 को रद्द कर दिया है। यह निर्णय न केवल 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि देश की सबसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं में से एक की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। उधर, पेपर लीक के आरोपों के बीच नीट परीक्षा रद्द होने पर नाराजगी सामने आने लगी है। एक तरफ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे स्कैम बता डाला है। वहीं, राहुल गांधी ने भी इसको लेकर नाराजगी जताई है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नीट का पेपर लीक सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। स्टालिन ने यह भी सुझाव दे डाला है कि 12वीं के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस में एडमिशन दिया जाए। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि इस साल एक बार फिर नीट परीक्षा में अनियमितता देखने को मिली है। इसके चलते परीक्षा रद्द हुई और लाखों परीक्षार्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के हर चरण में धांधली हुई है। वहीं, राहुल गांधी ने लिखा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है। डीएमके चीफ ने नीट परीक्षा को ही खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि फिर से नीट परीक्षा कराने का मतलब, समय की बर्बादी और छात्रों में कंफ्यूजन। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसा पहले होता था, बारहवीं क्लास के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस की सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु की नवनिर्वाचित सरकार से भी अपील की कि वह नीट को लेकर मजबूत रवैया अपनाएं। साथ ही पुराने द्रविड़ियन मॉडल सरकार के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करें और नीट से छुटकारा दिलाएं। सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुन: आयोजित की जाएगी।

## श्रीमुख से...

### दो मिनट में लग सकता है शराब पर प्रतिबंध



केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो जम्मू-कश्मीर सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है, वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू- कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे, जो पीते हैं, वे पिएंगे ही, जो लोग आवाज उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि शराब पीने वाले लोग कौन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था, मेरे पिता ने उनसे कहा था कि अगर केंद्र हमें वह राजस्व दे दे, जो हम इससे कमाते हैं, तो हम इसे बंद कर देंगे, उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

**-फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

Dainikshahtimes@gmail.com

# नई चुनौतियां : सुवेन्दु को मिला कांटों का ताज





योगेश कुमार गोयल

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है। यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है। इसलिए सुवेन्दु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं। नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे। हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है। प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। यदि वे डिजिटल पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर पाते हैं तो बंगाल वास्तव में 'पोरिबर्तन' की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं। शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

आर्थिक मोर्चे पर स्थिति और भी जटिल है। पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रूपए का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। सुवेन्दु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी।

यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

# कैसा रहेगा यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन







शिबली रामपुरी

उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है वहीं इस बात पर भी सबकी गहरी नजर है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में किस पार्टी से किसका गठबंधन होता है और कौन गठबंधन पर कायम रहता है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मजबूत गठबंधन करते हुए काफी जोश और खरोश के साथ चुनावी प्रचार किया था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस गठबंधन के तहत एक मंच पर पूरी मजबूती के साथ एकजुटता दिखाते हुए नजर आए थे और इसके काफी बेहतर परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिले थे अब उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस फिर से इस गठबंधन को उतना ही मजबूत रखेगी?यह वह सवाल है कि जो उत्तर प्रदेश की सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है वह आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में क्या लोकसभा चुनाव की तरह ही मजबूत रहेगा तो इसको लेकर कई ऐसे नेताओं के दोनों तरफ से बयान आते रहते हैं कि जो कहीं ना कहीं सियासी कशमाकश को एक तरह से बढ़ा देने वाले होते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में कई ऐसी सीटें हैं कि जहां पर अपने प्रत्याशी उतरना चाहती है और वह करीब 200 सीटों पर चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारने का इस गठबंधन के तहत इरादा रखती है हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन मजबूत होने की बात तो करते हैं लेकिन वह स्पष्ट तौर पर कितनी सीट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगे इसको लेकर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। राजनीति में गहरी जानकारी रखने वाले लोगों का यह मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और यह भी सही है कि सपा पहले से ज्यादा मजबूत हुई है लेकिन जहां तक गठबंधन की बात है तो यदि दोनों पार्टियां पूरी तरह एकजुटता के साथ गठबंधन के नियमों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरती हैं तो फिर यह दोनों पार्टियों के लिए एक बेहतर कदम होगा लेकिन यदि इनमें मनमुटाव सामने आता है तो फिर इसका राजनीतिक तौर पर काफी नुकसान दोनों पार्टियों को उठाना पड़ सकता है।

# 2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष





यशोदा श्रीवास्तव

सत्ता रूढ़ एनडीए के मुखालफत इंडिया अलायंस प्रमुख विपक्षी गठबंधन है जिसका नेतृत्व लोकसभा में बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस के हाथ में है। इस गठबंधन की त्रासदी यह है कि एक ओर इसे कांग्रेस के भीतर से चुनौती मिल रही है तो दूसरी ओर गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं से। दोनों ओर से जारी शब्दों के व्यंग्य वाण पर गौर करें तो लगता है कि यह गठबंधन कभी भी विखंडन की स्थिति में पहुंच सकता है। हाल ही पांच प्रदेशों के चुनाव बाद जिस तरह तमिलनाडु के डीएमके ने गठबंधन से अपने सांसदों को अलग होने की घोषणा की है इससे माना जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में विखंडन की शुरुआत हो गई है।

प्रारंभ में जब यह गठबंधन अस्तित्व में आया तब इसमें आम आदमी पार्टी भी थी और तृणमूल कांग्रेस भी। आम आदमी पार्टी पहले ही गठबंधन से अलग हो गई है, बंगाल की ममता बनर्जी की टीएमसी भी गठबंधन से अलग है। ठीक है कांग्रेस ने तमिलनाडु में नई नवेली पार्टी टीवीके को अपना नया साथी तलाश लिया है लेकिन इससे फिलहाल अभी कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं दिख रहा। टीवीके के साथ कांग्रेस की कोई बड़ी हैसियत भी नहीं है। हो सकता है थलापति विजय की सरकार में कांग्रेस का कोई विधायक मंत्री भी न बने। हां ऐसा करके कांग्रेस ने तमिलनाडु में भाजपा के सहयोगी दल को सत्ता में आने से रोक जरूर दिया। लेकिन इसके बदले लोकसभा में उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डीएमके के सांसद राहुल गांधी के साथ खड़े रहते थे भले ही कांग्रेस सांसदों के साथ मेज ही थपथपाने का काम क्यों न करते रहे। इंडिया गठबंधन के मौजूदा हाल को देखें तो गठबंधन में जो बचे हैं, वे कब तक बचे रहेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना ब्धठाकरेत्रः की कांग्रेस से मनमुटाव चल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन भी कांग्रेस को बहुत भाव नहीं दे रहे। उनके एनडीए का हिस्सा बनने की अटकलें लगाई जाती रही है। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। गठबंधन को लेकर बची खुची संभावना यूपी में ही है लेकिन जिस तरह कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है उससे यह कहना मुश्किल है कि सपा और कांग्रेस का साथ विधानसभा चुनावों तक बचा रह पाएगा? बंगाल में ममता की हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव उनसे मिलने बंगाल पहुंच गए। फिर तमिलनाडु जाकर स्टालिन से भी मिले। यहां जाकर उन्होंने कहा कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। अखिलेश के इस रवैए से थर्ड फंट की भी संभावना पर चर्चा शुरू हो गई। अखिलेश यादव थर्ड फ्रंट के हिमायती हैं कि नहीं इस पर फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं है, हां बंगाल हार के बाद ममता बनर्जी की आंखें जरूर खुलती हुई दिख रही है। उन्होंने इंडिया अलायंस को मजबूत करने की बात कही है। ममता बनर्जी वहीं हैं जिनके वजह से जदयू इंडिया अलायंस से अलग होने को मजबूर हुआ। वे नहीं चाहतीं थीं कि नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के संयोजक बनें। लोक सभा में सरकार के किसी विरोध के मुद्दे पर उन्होंने अपने सांसदों को कसके लगाम से कस रखा था कि वे सरकार के विरोध का हिस्सा न बनें। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को किसी लायक न समझने वाली ममता बनर्जी को अब इंडिया अलायंस की मजबूती का ख्याल अचरज में डालता है। लेकिन एक बात हो सकता है कि इंडिया अलायंस को लेकर कांग्रेस पर हर ओर से उठ रहे सवालों पर विराम लगाने के लिए अलायंस का बड़ा हिस्सा ममता बनर्जी को लीड करने की जिम्मेदारी सौंपने की घेरेबंदी कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस को भी इससे शायद कोई एतराज न हो। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो याद आएगा जब राज्यसभा में सपा के राम गोपाल यादव ने राहुल गांधी पर दमदारी से कोई मुद्दा न उठा पाने का तोहमत लगाया था और टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने संसद न चलने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। राहुल गांधी को जिस तरह हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हारने का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ इंडिया अलायंस के भीतर आवाज उठी थी उसी तरह आज बंगाल,असम और पुडुचेरी का चुनाव हारने के बाद राहुल पर जिम्मेदारी डाल कर गठबंधन के भीतर फिर कोई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश केवल गठबंधन के दूसरे दल के नेता ही नहीं कर रहे,इस वक्त तो कांग्रेस के भीतर ही एक से एक नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। इसमें शशी थरूर,मनीष तिवारी,शकील अहमद,मणि शंकर अ"यर जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कोई ऊल-जुलूल बयान देकर तो कोई शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा चौड़ा लेख लिखकर अपनी खीझ मिटा रहा है। कांग्रेस के भीतर के ए वै लोग हैं जो अपने स्तर से इंडिया अलायंस की जड़ें खोखला करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल। नादिया में गर्मी के दिन बाजार में भेजने से पहले तोड़ी गई लीचियों को छांटते किसान।

## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थों से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है। उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया।

## हिज्जबुल्ला ने इजरायली सेना पर 20 हमले करने का किया दावा

**बेरूत।** लेबनानी ग्रुप हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 20 हमले करने का दावा किया है। समूह ने कहा कि ए हमले 'लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में' और इजरायली सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में किए गए, जिसमें दक्षिणी लेबनान में आम लोगों पर हमले और घरों को नुकसान पहुंच. ाना शामिल है। हिज्जबुल्ला ने दावा किया कि इन सैन्य अभियानों में तैबेह, टायर हरफा, एल बियादा, नकौरा, रशाफ, देर सेरयान, अदाइसेह और सरबिन सहित कई इलाकों में इजराइली सैनिकों और फौजी साजो-सामान के जमावड़े को निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार हमलों में स्ट्राइक ड्रोन, आर्टिलरी और मिसाइलें शामिल थीं और इसके परिणामस्वरूप मर्कवा टैंक, डी9 इंजीनियरिग गाड़ियां और हमर गाड़ियां सहित इजराइली सैन्य संपत्ति नष्ट हो गए।

# ट्रम्प पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई को बेताब

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने को फिर शुरू होगा ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमे. रिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

■ ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं



# ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं: गालिबफ

### ईरानी संसद के अध्यक्ष ने चेताया: कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा

**तेहरान/दोहा।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है।

कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विद. ेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जांगिड़ उप्रेती इसी बीच सऊदी अरब की कंपनी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं होती, तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है, तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था। गौरतलब है कि सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा रही थी, लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को एक 'एकीकृत प्रस्ताव' के साथ आने का समय देने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया था। तीन मई को ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहा. जों की सहायता के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की थी। फिर ट्रम्प ने पांच मई को कहा कि उन्होंने यह देखने के लिए थोड़े समय के लिए ऑपरेशन को रोकने का फैसला किया है कि क्या ईरान के साथ शांति समझौता हो सकता है।



■ कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा: गालिबफ

## होर्मुज स्ट्रेट व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया: IRGC

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक 'व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र' के रूप में देखा जा रहा है। आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान यूएई ने ईरान पर हवाई हमले किए: रिपोर्ट्स

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध के सक्रिय चरण के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान पर हवाई हमले किए थे। यह दावा सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई की वायु सेना ने अप्रैल की शुरुआत में हवाई हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। यह ठीक उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इन हमलों का निशाना फारस की खाड़ी में स्थित लावान द्वीप पर मौजूद एक रिफाइनरी थी। उस समय, हालांकि न तो ईरान ने इन हवाई हमलों के पीछे किसका हाथ था, इसका खुलासा किया और न ही यूएई ने इसकी जिम्मेदारी ली लेकिन राष्ट्रीय ईरानी तेल शोधन और वितरण कंपनी ने आठ अप्रैल को कहा कि द्वीप पर मौजूद तेल रिफाइनिंग सुविधाओं पर 'दुश्मन' द्वारा हमला हुआ था।

## शी जिनपिंग और ट्रम्प व्यापार, ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत

**वॉशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रम्प का 2017 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है।

गुरुवार से शुरू होने वाला दो दिनों का यह सम्मेलन दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है। ट्रम्प 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रम्प की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और 'ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर' जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रम्प ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान एक तनावपूर्ण परमाणु गतिरोध में फंसे हुए हैं क्योंकि वाशिंगटन का तर्क है कि परमाणु मुद्दे पर कोई बात. चीत नहीं हो सकती और तेहरान प्रतिबंधों में राहत, युद्ध खत्म करने, जब्त की गई संपत्ति को छोड़ने और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को रो. कने की मांग कर रहा है।



■ ट्रम्प का 2021 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुता. बिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है।

# पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका

### नौ लोगों की मौत, 33 घायल

**लक्की मरवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गई थी।

लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गई। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाए जाने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है। इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया।



■ प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन: एडनॉक

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा।

एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1-1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है।

■ ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज स्ट्रेट में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है

## भारत-रूस सिनेमा के नए युग का आगाज

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब रूस (पूर्व सोवियत संघ) में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने बेइंतहा शोहरत और रूसी अवाम की मोहब्बत हासिल की थी और अब उसी पुराने लगाव के साथ भारत और रूस के आपसी ताल्लुकात एक नए दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। मगर अब फर्क सिर्फ इतना है कि यह रिश्ता सिर्फ एक-दूसरे की तारीफ करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब यह मिलकर फिल्में बनाने और साझा कहानियों का एक बड़ा मंच बन गया है। रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी 'गाजप्रॉम-मीडिया होल्डिग' इस मेल-जोल के केंद्र में है।

# गुटेरेस की टिप्पणियों पर वेनेजुएला ने जताया विरोध

### वेनेजुएला का कहना है: उनकी बातें तटस्थता निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की देश के बारे में की गई टिप्पणियों पर औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। वेनेजुएला का कहना है कि उनकी बातें तटस्थता, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वेनेजुएला गुटेरेस द्वारा देश के संबंध में दिए गए बयानों पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

बयान में कहा गया कि महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता, विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं। यह विवाद गुटेरेस द्वारा नैरोबी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ। वहां क्यूबा और वेनेजुएला की स्थितियों की तुलना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि दोनों मामलों की तुलना करना अनुचित है क्योंकि वेनेजुएला का मामला 'पूरी तरह अलग' था। महासचिव के अनुसार, वेनेजुएला में हमने निकोलस मादुरो के खिलाफ एक सैन्य अभियान देखा, लेकिन मेरा मानना है कि वेनेजुएला की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर इसमें बहुत बड़ी मिलीभगत थी। वेनेजुएला सरकार ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सचिवालय शांति को बढ़ावा देने और आधुनिक दौर के बड़े संघर्षों को सुलझाने में अपनी अक्षमता दिखा रहा है। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष, बघ्ते युद्धों और संप्रभु देशों पर एकतरफा प्रतिबंधों के बीच यह संगठन 'चुप्पी या अस्पष्ट रुख' अपनाए हुए है, जिससे इसकी नैतिक साख कमजोर हो रही है।



■ महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं

